
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमाः 100 करोड़ के पार पहुंची राजामौली की 'आरआरआर'

वर्ष -08 अंक -26 | प्रयागराज, बुधवार 30 मार्च, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्गों का जज्बा देख मदद के लिए सरकार ने भी बढ़ाए हाथ, खुलेगा एक आनलाइन रोजगार कार्यालय

**नई दिल्ली।** देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के साथ सरकार अब उनके बेहतर प्रबंधन में भी जुट गई है। इसके तहत देश भर में उनसे जुड़ी सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। जिसमें वृद्धाश्रमों का निर्माण, बुजुर्गों के उपचार के लिए अस्पतालों में जेरिएट्रिक वार्ड का निर्माण आदि शामिल है। हालांकि अब इससे एक कदम और आगे बढ़ते हुए सरकार ऐसे बुजुर्गों को रोजगार मुहैया कराने की भी तैयारी में है, जो सेवानिवृत्त के बाद कभी सक्षम हैं और दक्षता के साथ नौकरी करना चाहते है। ऐसे बुजुर्गों की मदद के लिए जल्द ही वह आनलाइन रोजगार कार्यालय खोलने जा रही है। जहां बुजुर्ग अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मुताबिक ऊर्जावान और मजबूत इच्छाशक्ति वाले ऐसे सभी बुजुर्गों को रोजगार मुहैया कराने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। इसके साथ ही सीआईआई, फिक्की जैसे संस्थानों के साथ साथ निजी कंपनियों से भी कुछ ऐसी नौकरियां सृजित करने के लिए कहा है, जो बुजुर्गों के लिए उपयुक्त हो। इसके साथ ही बुजुर्ग स्वयं सहायता समूह बनाकर रोजगार के लिए भी प्रेरित किया है। मंत्रालय ने यह जानकारी हाल ही में मंत्रालय से जुड़ी स्टैंडिंग कमेटी के सामने भी रखा है। बुजुर्गों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आनलाइन रोजगार कार्यालय में कोई भी बुजुर्ग अपने अनुभव के आधार, विशेषज्ञता आदि की जानकारी के साथ रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह रोजगार कार्यालय सीधे कंपनियों और उद्योगों से जुड़ा होगा। अपनी जरूरत को देखते हुए कंपनियां बुजुर्गों को सीधे नौकरी का प्रस्ताव दे सकेंगी। इसके साथ ही यदि बुजुर्ग अपना कोई स्वयं सहायता समूह भी शुरू करना चाहते है।

## पीएम मोदी बोले, अत्याचार और हिंसा के खिलाफ आवाज उठाएं सिस्टम से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए लोगों को होना पड़ेगा जागरूक

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार रात पश्चिम बंगाल में मतुआ समुदाय को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए अत्याचार और हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए लोगों से आह्वान किया। पीएम ने कहा कि समाज में अगर कहीं भी किसी का उत्पीड? हो रहा हो, तो वहां जरूर आवाज उठाएं।






ये हमारा समाज के प्रति भी और राष्ट्र के प्रति भी कर्तव्य है। पीएम मतुआ समुदाय के गुरु श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जन्मतिथि के मौके पर यहां उत्तर 24 परगना जिले के श्रीधाम ठाकुरनगर में मतुआ धर्म महा मेला 2022 को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पीएम ने मतुआ समाज के लोगों से यह भी आग्रह किया कि सिस्टम से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए समाज के स्तर पर जागरूकता को और बढ़ाएं और इसके खिलाफ आवाज उठाएं। पीएम ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन राजनीतिक विरोध के कारण अगर किसी को हिंसा से डरा-धमकाकर कोई रोकता है तो वो दूसरे के अधिकारों का हनन है। इसलिए ये हमारा कर्तव्य है कि हिंसा, अराजकता की मानसिकता अगर समाज में कहीं भी है तो उसका विरोध किया जाए। पीएम ने आगे कहा कि ये मतुआ महामेला, मतुआ परंपरा को नमन करने का अवसर है। ये उन मूल्यों के प्रति आस्था व्यक्त करने का अवसर है जिनकी नींव श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी ने रखी थी। इसे गुरुचंद ठाकुर जी और बोरो मां ने सशक्त किया। उन्होंने मतुआ महासंघ के प्रमुख व केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर का भी जिक्र करते हुए कहा कि आज उनके (शांतनु जी) के सहयोग से ये परंपरा इस समय और समृद्ध हो रही है। पीएम ने कहा- हम अक्सर कहते हैं कि हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता महान है। ये महान इसलिए है क्योंकि इसमें निरंतरता है, ये प्रवाहमान है, इसमें खुद को सशक्त करने की एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। पीएम ने आगे कहा कि आज जब भारत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अभियान को सफल बनाता है, जब माताओं-बहनों-बेटियों के स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वाभिमान को सम्मान देता है, जब स्कूलों-कालेजों में बेटियों को अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन करते अनुभव करता है, जब समाज के हर क्षेत्र में हमारी बहनों-बेटियों को बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते देखता है, तब लगता है कि हम सही मायने में श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी जैसी महान विभूतियों का सम्मान कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि जब सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के आधार पर सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाती है, जब सबका प्रयास, राष्ट्र के विकास की शक्ति बनता है, तब हम सर्वसमावेशी समाज के निर्माण की तरफ बढ़ते हैं। हरिचंद ठाकुर जी ने एक और संदेश दिया है जो आजादी के अमृतकाल में भारत के हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने ईश्वरीय प्रेम के साथ-साथ हमारे कर्तव्यों का भी हमें बोध कराया। कर्तव्यों की इसी भावना को हमें राष्ट्र के विकास का भी आधार बनाना है। हमारा संविधान हमें बहुत सारे अधिकार देता है। उन अधिकारों को हम तभी सुरक्षित रख सकते हैं, जब हम अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएंगे। बताते चलें कि मतुआ समुदाय के गुरु श्री श्री हरिचंद ठाकुर ने देश की आजादी से पहले के दौर में अविभाजित बंगाल में उत्पीड़ित, समाज के दबे-कुचले और बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उनके द्वारा शुरू किया गया सामाजिक एवं धार्मिक आंदोलन वर्ष 1860 में ओरकांडी (अब बांग्लादेश में) से शुरू हुआ था और फिर इसकी परिणति मतुआ धर्म की स्थापना के रूप में हुई थी।

## भारत से संपर्क साधने में जुटा कूटनीतिक खेमा रूस व ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों के अलावा अमेरिका के डिप्टी एनएसए भी आएंगे इंडिया

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के कूटनीतिक गलियारे में जिस तरह की हलचल अभी देखी जा रही है वैसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जिस तरह से भारत को प्रभावित करने में वैश्विक मंच का हर खेमा जुटा हुआ है उसकी बानगी अगले कुछ दिनों के दौरान और देखने को मिलेगी। एक तरफ ब्रिटेन और रूस के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर पहुंच रहे हैं तो दूसरी तरफ रूस के खिलाफ अमेरिका की नीति बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतवंशी डिप्टी एनएसए दिलीप सिंह भी यहां आ रहे हैं। यह हफ्ते भर में अमेरिका के किसी वरिष्ठ अधिकारी की दूसरी भारत यात्रा होगी। इसी के साथ यूरोपीय देशों के संगठन यूरोपीय आयोग की प्रेसिडेंट उर्सूला लेयेन की भारत यात्रा की भी तैयारियां शुरु हैं। मैक्सिको के विदेश मंत्री मार्सेलो एबराई भी बुधवार को नई दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देऊबा भी 01 से 03 अप्रैल तक भारत के दौरे पर होंगे। आना तो इजरायल के पीएम नेफ्ताली बेनेट को भी था लेकिन कोरोना की चपेट



में आने से उनकी और इजरायल के रक्षा मंत्री बेनी गांत्ज की यात्रा टल गई है। दोनो देश संपर्क में हैं और बहुत जल्द ही इन दोनो की यात्रा की अगली तिथि तय होगी विदेश मंत्रालय से अभी दो दर्जन देशों की तरफ से बात की जा रही है कि उनके राष्ट्र प्रमुखों या विदेश मंत्रियों की यात्रा की तिथि तय की जाए। यूक्रेन-रूस विवाद की वजह से भारत सरकार काफी सोच विचार कर इन प्रस्तावों को आगे बढ़ा रही है। अमेरिका के डिप्टी एनएसए दिलीप सिंह की यात्रा को दो वजहों से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एक तो यूक्रेन रूस विवाद पर भारत को अपने विचार से अवगत कराना और दूसरा, अगले महीने दोनो देशों के विदेश व रक्षा मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता की तैयारियों को आगे बढ़ाना। यह कोई छिपी बात नहीं है कि यूक्रेन विवाद पर भारत ने रूस को लेकर जो स्टैंड लिया है उससे अमेरिका खुश नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति भारत की नीति को अस्थिर करार दे चुके हैं। दिलीप सिंह को जो बाइडन प्रशासन की रूस नीति के प्रमुख रणनीतिकार के तौर पर जाना जाता है। इस लिहाज से उनका आने की खास अहमियत हो जाती है। यह भी बता दें कि 31 मार्च, 2022 को ब्रिटेन की विदेश सचिव एलिजाबेथ ट्रूस और 01 अप्रैल, 2022 को रूस के विदेश मंत्री लावरोव भी आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंच रहे हैं। इन तीनों अधिकारियों की यात्रा के दौरान निश्चित तौर पर तमाम द्विपक्षीय मुद्दों पर बात होगी लेकिन वार्ता के केंद्र में यूक्रेन-रूस युद्ध से उपजे हालात ही होंगे।

### श्रीलंका को हर मुसीबत से बचाने में जुटा भारत

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश श्रीलंका को संकट की घड़ी में मदद करने में भारत कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। नेबरहुड फर्स्ट की नीति को लागू कर रही नरेन्द्र मोदी की सरकार श्रीलंका को मदद देने को लेकर कितनी तत्पर है इसे इस बात से समझा जा सकता है कि कोलंबो की यात्रा पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रोटोकाल की परवाह किए बिना ही वहां के अस्पतालों को मदद देने की मुहिम शुरू कर दी। जयशंकर को जैसे ही इस बात का पता चला ।

## सड़क दुर्घटना में मामले में मुआवजे पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणा कहा- पीडित के शारीरिक या मानसिक नुकसान की भरपाई धन से संभव नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मार्ग दुर्घटना में पीडि.ति के शारीरिक या मानसिक नुकसान की भरपाई धन से नहीं की जा सकती है, लेकिन क्षतिपूर्ति के लिए और कोई विकल्प भी नहीं है। जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम की पीठ ने पांच वर्ष के एक बच्चे को मार्ग दुर्घटना के मुआवजे से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने बच्चे को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाकर 49.93 लाख रुपये कर दिया। इसमें दावा प्रार्थनापत्र पेश करने से लेकर धन प्राप्ति तक 7.5 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी शामिल है।



पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत चोट के मामले में नुकसान को तय कर पाना आसान नहीं है। शीर्ष अदालत बच्चे द्वारा कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई कर रही थी जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा प्रदान किए गए मुआवजे की राशि 18.24 लाख रुपये से घटाकर 13.46 लाख कर दी गई थी। अदालत ने कहा कि अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मार्ग दुर्घटना के बाद बच्चा अपने पैरों पर चलने में सक्षम नहीं है, मूत्रनली की समस्या है, कब्ज है और बिस्तर पर पड़े रहने के कारण घाव भी हो गए हैं। हमारा मानना है कि शारीरिक स्थिति को देखते हुए अपीलकर्ता को पूरे जीवन एक सहायक की आवश्यकता पड़ेगा, भले ही वह बाद में किसी उपकरण की मदद से चलने में सक्षम हो भी जाए। अपीलकर्ता ने न केवल अपना बचपन खोया है बल्कि किशोर जीवन का भी नुकसान झेला है। इस कारण विवाह की संभावना को भी मुआवजे के संदर्भ में देखना होगा। अभिकरण को पैरों में संवेदना खो चुके बच्चे की स्थिति का संज्ञान लेना चाहिए था। पीठ ने कहा कि अभिकरण ने टैक्सी के खर्च के दावे को नहीं माना था क्योंकि टैक्सी ड्राइवर को अदालत में पेश नहीं किया गया। इतने सारे टैक्सी ड्राइवर को पेश करना असंभव है। यदि बच्चे के माता पिता उसे टैक्सी में लेकर गए तो यही उनके पास एक विकल्प था। हम वाहन भत्ते के रूप में दो लाख रुपये देने का आदेश देते हैं।

## तलाक मामले में गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरतसिंह सोलंकी की पत्नी रेशमा को मिल रही जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** घरेलू हिंसा का सामना कर रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री व गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरतसिंह सोलंकी की पतनें रेशमा सोलंकी ने जान से मारने की धमकी मिलने आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मैं सुरक्षा के लिए अमेरिका चली गई थी। जब मैं लौटी तो मैंने 2-3 बार घर में घुसने की कोशिश की, लेकिन मुझे बाहर निकाल दिया गया और कहा गया कि अगर मैं वापस आई से निकाल दिया था। रेशमा सोलंकी ने कहा कि मुझे एक झूठा नोटिस भेजा गया, जिससे मेरे परिवार और मेरी छवि खराब हुई। हमें बदनाम करने के लिए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मुझे कोर्ट का रुख करना पड़ा और आनंद के एसपी से सुरक्षा मांगी है। मैंने इसके लिए एक याचिका दायर की है। मैं एक भारतीय महिला हूं, मैं अपने पति के साथ रहूंगी, उसे तलाक नहीं दूंगी। गुजरात के पूर्व लेकिन रेशमा ने इससे इन्कार करते हुए भरत सिंह पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया है। इस मामले में रेशमा ने आणंद जिले के बोरसद में स्थानीय अदालत में एक याचिका भी दाखिल की है। भरत सिंह दो बार गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिछले दो विधानसभा चुनाव उनके अध्यक्ष रहते ही कांग्रेस हारी है। भरत सिंह ने कांग्रेस विधायकों को डिनर पर बुलाकर





तो मुझे मार दिया जाएगा। रेशमा ने कहा कि भरत सिंह अपने राजनीतिक रसूख व प्रभाव का इस्तेमाल करते हैं तथा घर पर उनके साथ मारपीट भी की। उसे जान से मारने की धमकी देने के साथ धक्का-मुक्की कर घर मुख्यमंत्री दिवंगत माधव सिंह सोलंकी के पुत्र व पूर्व मंत्री भरत सिंह सोलंकी व उनकी पतनें रेशमा पटेल के बीच पिछले कुछ सालों से विवाद चल रहा है। भरत सिंह सोलंकी अपनी पतनें से तलाक लेना चाहते हैं, आगामी विधानसभा की रणनीति पर चर्चा की थी। सोलंकी प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता होने के साथ राज्य कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी के रूप में सबसे प्रबल दावेदार भी माने जाते हैं।

## चीन-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा तैयारियों पर अफसरों संग आज मंत्रणा करेंगे सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे आज चीन और पाकिस्तान से लगती सीमा पर सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करेंगे। सेना प्रमुख उच्च स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा पर मौजूदा भू-राजनीतिक उथल-पुथल के संभावित प्रभावों का भी आकलन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि लखनऊ में सेना के मध्य कमान के मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में तीनों सेनाओं के वरिष्ठ कमांडर शामिल होंगे। माना जा रहा है कि यूक्रेन युद्ध और अफगानिस्तान के हालात के आने वाले दिनों में भारत और क्षेत्र पर संभावित प्रभावों पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि देश की संवेदनशील सीमाओं, खासकर चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मौसम में बदलाव के साथ सैनिकों की अदला-बदली पर भी चर्चा होगी। सेना प्रमुख उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर सैनिकों और सैन्य साजो सामान की तैनाती की व्यापक समीक्षा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार से ही मध्य कमान में राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिनन पहलुओं पर चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सेना की तीनों अंगों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। किसी भी चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों और हथियारों की तैनाती के साथ ही रणनीति और तैयारियों पर भी गंभीर मंत्रणा की जा रही है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में जून, 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद से ही



3,400 किलोमीटर लंबी एलएसी पर निगरानी बढ़ा दी गई है। पिछले हफ्ते दौरे पर चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी भारत ने साफ कहा है कि दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए सीमा से सैनिकों की वापसी और शांति की बहाली जरूरी है।



# नैनी बाजार हनुमान नगर स्टेशन रोड पर मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी जी नैनी बाजार नाले का दौरा किया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** नैनी बाजार हनुमान नगर स्टेशन रोड व्यापारियों की लड़ाई लड़ते हुए आज नगर निगम के सबसे बड़े पद पर रहते हुए नगर मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी जी नैनी बाजार नाले का दौरा किया उन्होंने देखा कि नाले की जगह नाली बना दी गई है अन्न लेकिन या नाली के नीचे सब्बर से खोदा गया खोज के दिखाया कि आरसीसी का मजाक उड़ाया जा रहा है जेई बिल्कुल सन रहे गए व्यापारी आक्रोश में था व्यापारी ने बोला कि विनय बाबा यह जुल्म और अत्याचार बढ़ता जा रहा है अधिकारी की मनमानी हो रहे कोई कुछ बोल नहीं पा रहा इस वजह से आज विनय बाबा जयसवाल पूर्व पार्षद सुभाष केसरवानी व्यापार मंडल अध्यक्ष नैनी अजहर नेता बेटू जायसवाल सत्यार्थ युवा नेता वह उसके साथी अभिषेक ,छोटू ,शिवम ,बच्चा जैस्वाल, जैस्वाल वाह 50 साथियों के साथ आज एक इस नाले की लड़ाई में इस नाले के काम में सहयोग दिया मेरे सामने विनय बाबा पूर्व पार्षद ने मेयर से पूछा की इस नाले के बारे में जनता को क्या आश्वासन है गलती विभाग द्वारा पाए जाने पर मेयर साहब चुप थी बिना जवाब दिए गाड़ी का शीशा बंद करके आगे चले गई व्यापारियों ने व्यापारी एकता जिंदाबाद का नारा लगाया और व्यापारियों को यह आश्वासन है कि विनय जायसवाल बाबा मजबूत सिपाही अगर यह लड़ाई लड़ रहा है सुभाष केसरवानी है तो यह लड़ाई अंजाम तक पहुंचेगी धन्यवाद जनता की आवाज विनय बाबा नाम भरोसे का ।



# ग्रीनमैन नरपतसिंह साईकल से 29 हजार किमी तय कर प्रयागराज पहुंचे, डीएम ने किया स्वागत

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** विश्व की सबसे लम्बी साईकल यात्रा पर निकले बाड़मेर निवासी ग्रीनमैन नरपतसिंह राजपुरोहित लंगेरा मंगलवार को शहर पहुंचे। उनका स्वागत डीएम संजय खत्री ने किया। ग्रीनमैन नरपतसिंह साईकल यात्रा के ज़रिए पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण जागरूकता संदेश देना चाहते हैं। वह अभी तक 24 राज्यों और 4 केन्द्रशासित राज्यों मैं 29176.1 किमी की यात्रा कर चुकें हैं ग्रीनमैन ने एक पैर में 38 टांके लगे होने व 10ज्ञ् विकलांगता होने के पश्चात भी अपने लक्ष्य को साधने के लिए अपने हौसले को कमजोर न होने दिया वर्तमान में 30 हजार किमी से ज्यादा साईकिल यात्रा का टार्गेट लेकर भारत भर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक प्रसारित करने के लिए अग्रसर हैं। उन्होंने बताया की वह सैकड़ो वन्यजीव बचा चुके हैं।वह बोले, पर्यावरण संरक्षण व वन्यजीवो की रक्षा के क्षेत्र में मैंने हिरण, राज्य मवेशी चिकारा 169, मोर 7, मोरनी 5, खरगोश 4, बाज़ 2, नीलगाय 1, बड़ा उल्लू 2 , चील 1, सियार 1 बचाया है।जब ये जंगली पक्षी घायल अवस्था में पाए जाते हैं या घायल वन्यजीवों के बारे में सूचित किया जाता है, तो निजी अस्पताल में इलाज के लिए अपने स्तर पर और वन विभाग के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं वन्य जीवों के लिए पानी के 21 कुंड लगाए और 2 शिकारियों को पकड़वाया। गर्मी के समय राजस्थान के बाड़मेर जिले मैं पानी के कुण्ड व नाडियों मे निजी खर्च से टैक्टर की टंकियां डलवाता हूं। वृक्षारोपण मिशन के तहत सर्वाधिक पौधे 93700 राजस्थान में और अन्य राज्यों में 20ज्ञ् पौधे लगाएं। इस यात्रा में रोज एक से दो पौधे लगाता हूं। वह खुद ऐसी जगह लगाता हूं मेरे द्वारा लगाए गए पौधे एक पेड़ का रूप ले सके। इस यात्रा के दौरान अभी तक 4950 पौधे लगाए। इस यात्रा में मुख्यमंत्रा योगी आदित्यनाथ, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कर्नाटका के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार, पांडिचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी आदी हस्तियों ने साइकिल यात्रा का स्वागत किया है।



# बाइकों की भिड़ंत में एक की हालत गंभीर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** कोतवाली अंतर्गत मुबारकपुर रोड के दरियापुर गांव के सामने राम जानकी मंदिर के पास बीती रात 9 बजे बोरी गांव थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़ निवासी महेंद्र कुमार बिंद उम्र 25 वर्ष पुत्र बद्री प्रसाद बिंद जो सिकंदरा रोड के कनेहटी थाना बहरिया अपनी ससुराल बाइक द्वारा जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें महेंद्र बेहोश हो गया। उसके नाक से खून बहने लगा। तभी बाइक वाला जिस से भिड़ंत हुई थी। वह भाग निकला। स्थानीय लोगों ने फूलपुर थाना तथा एंबुलेंस 108 को सूचना दी। मौके पर चौकी इंचार्ज विनय कुमार दुबे ने पहुंचकर महेंद्र को सीएचसी फूलपुर भेजा। वहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। महेंद्र की मोबाइल से उसके घरवालों को सूचना भेज दी गई है।

# साक्षरता मिशन के नाम पर हो रहा फर्जीवाड़ा

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** काफी दिनों से ग्राम सभाओं में प्रधानों के माध्यम से साक्षरता मिशन के नाम पर डिजिटल कार्ड बनाने का गोरखधंधा चल रहा है। फूलपुर ब्लॉक के मैलहन गांव में 6 माह पूर्व एक तीन सदस्यीय टीम ने आकर भोले भाले ग्रामीणों का आधार और फिंगर प्रिंट लेकर कार्ड बनाने को कहा था। परंतु आज तक किसी को डिजिटल कार्ड नहीं मिला। मंगलवार को सराय दाऊद, ढकपूरा गांव में प्रधान भोला नाथ यादव की मौजूदगी में उक्त टीम पुनः कार्ड बनाने के नाम पर आधार और फिंगर लेने लगी। इस मामले को फूलपुर सहायक विकास पंचायत अधिकारी गुलाबचंद पांडेय के संज्ञान में लाया गया। तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री साक्षरता मिशन टीम द्वारा गांव का सर्वेक्षण किया जा रहा है। मिशन की ओर से कार्ड दिया जाएगा। परंतु फिंगर और आधार लेने की बात पर वे चुप्पी साध गए।

# हिंदुत्व एकता का महाकुंभ महावीरी शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई

(आधुनिक समाचार सेवा)
अश्विनी कुमार ठाकुर

**प्रयागराज।** हिंदू एकता का महाकुंभ महावीर शोभायात्रा जो कि 24 मार्च 1987 से शुरू किया गया था जो आज बहुत बड़ा त्यौहार के रूप में मनाया जाने लगा इसमें हिंदू मुस्लिम सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर शोभायात्रा निकालते हैं यह यात्रा 2 वर्षों से करोना महामारी के कारण औपचारिकता पूरी की जा रही थी इस साल कई गुना उत्साह के साथ अनपरा नगर पंचायत में सभी ग्राम वासियों के श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया इसमें 35 से 40 झांकियां निकाली गई जिसमें प्रशासन की व्यवस्था पूरी रही इस कार्यक्रम में केसी जैन मनीष श्रीवास्तव गोपाल प्रसाद गुप्ता विजय ठाकुर अयूब खान अश्विनी ठाकुर कुशलगुप्ता शहजाद अली आशीष मिश्रा रीना सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे



# निराश्रित गोंवश के संरक्षण में लापरवाही पर दर्ज होगी प्राथमिकी-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डॉ0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु गठित जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0आर0पी0 राय द्वारा बताया गया कि जनपद में 40 गो आश्रय केन्द्र संचालित है तथा शासन के निर्देश के क्रम में सभी न्याय पंचायतों में गो संरक्षण केन्द्र बनाया जाना है। बैठक में उपजिलाधिकारियों के उपस्थित न रहने पर डीएम ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि बैठक के पूर्व सभी उपजिलाधिकारियों से समन्वय कर लें। उन्होने निर्देशित किया कि पशु चिकित्साधिकारी तहसील स्तरीय अनुश्रवण समिति के सदस्य है, अपने उपजिलाधिकारी से सम्पर्क पर उन्हें जिन न्याय पंचायतों में गो संरक्षण केन्द्र हेतु जमीन उपलब्ध नही है, प्राथमिकता के आधार पर उसकी सूची उपजिलाधिकारी को उपलब्ध करायेगें तथा इस हेतु जमीन का चिन्हांकन करायेगें। जिलाधिकारी गोशालाओं के रख-रखाव एवं पशु चारे हेतु निर्गत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र न उपलब्ध कराये जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने निर्देश दिया कि पशु चिकित्साधिकारी निर्धारित प्रोफार्मे पर उपभोग प्रमाण पत्र उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर तैयार करायें और उसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को समय से उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा गोवंश के संरक्षण एवं रख-रखाव पर पर्याप्त धनराशि तभी निर्गत की जायेगी जब समय से पूर्व में निर्गत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां गोशालायें बनी हुई है यदि वहां अतिरिक्त पशु शेड की आवश्यकता है तो अतिरिक्त शेड की व्यवस्था करायी जाये। कोई भी पशु खुले में धूप में न रहे। भूसा गोदाम, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, हरे चारे की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित की जायें।जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना की समीक्षा करते हुये मुख्य पशु चिकित्सधिकारी को निर्देशित किया कि जिन पशुपालकों को गोवंश संरक्षण हेतु दिया गया है उनका सत्यापन कर नियमित रूप से अनुमन्य धनराशि उपलब्ध करायी जाये। उन्होने कहा कि जनपद में 04 वृहद गोशालायें गोगौर, पूरेमोतीलाल, कतरौली एवं राकी निर्माणाधीन है, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग से मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सम्पर्क कर निर्माण कार्य में तेजी लाये। जिलाधिकारी ने पशु गोशालाओं में गोवंश के निधन और चारे की कमी की शिकायत एवं मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुये खण्ड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी को सचेत करते हुए कहा यदि उनके क्षेत्र की गोशालाओं के सम्बन्ध में शिकायते प्राप्त होती हैं तो खण्ड विकास अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी की यह व्यक्तिगत लापरवाही मानी जायेगी और उनके विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी। ऐसे ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों को 95जी की नोटिस निर्गत करते हुये पशु क्रुरता अधिनियम के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी बेलखरनाथ धाम द्वारा शिकायत की गयी कि सांगापट्टी के ग्राम प्रधान द्वारा एक वर्ष बाद भी गो संरक्षण हेतु निर्गत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नही दिया गया है, बार-बार अनुरोध पर भी सेक्रेटरी एवं प्रधान द्वारा रूचि नही ली जा रही है। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी को 95जी के तहत कारण बताओ नोटिस निर्गत की जाये। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि निराश्रित गोंवश का संरक्षण उत्तर प्रदेश शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में जिस भी स्तर से लापरवाही पायी जायेगी सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये प्राथमिकी भी दर्ज करायी जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया सहित सम्बान्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में 'MATLAB एक परिचय' का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉक्टर शिमर मिश्र

**प्रयागराज।** फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में 28मार्च 2022 को 'कौशल विकास 'के तहत एक परिचयठ विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रफ़ेसर डॉक्टर अमित किशोर मुख्य वक्ता रहे। इस सत्र में फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी के छात्र / छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता ने एक परिचय' को एक सोफ्टवेयर के रूप में बच्चों से कम्प्यूटर पर रन कराया गया और सॉफ़्टवेयर को प्रयोग करने के लाभ, उसमे उपलब्ध विभिन्न मॉड्यूल एवं उनकी उपयोगिता, इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर, आदि विषयो पर प्रकाश डाला। व्याख्यान छात्रों के साथ प्रशन और उत्तर सत्र के साथ समाप्त हुआ। बच्चों ने बताया की हमें इस आयोजन से बहूत कुछ सीखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर के मदन मोहन मालवीय सभागार में डॉ. मनोज कपिल (डीन और प्रोफेसर) की देखरेख में किया गया। उन्होंने छात्र / छात्राओं को अपने भाषण से प्रेरित किया और डॉक्टर अमित किशोर जी की सराहना की और बताया की इस तरह के सत्र आयोजित करने का उद्देश्य छात्रों का ज्ञान बढ़ाने के साथ साथ उन्हें इंडस्ट्री में प्रचलित लेटेस्ट तकनीकों के बारे में अवगत कराना भी है जिससे वे अपने आप को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर सके। कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत इ. आशिमा, इ.श्वेता गर्ग और इ. अनुभा गौर की सत्र को सफलतापूर्वक आयोजित करने में मुख्य भूमिका रही।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशानुसार चिन्तामणि विधि स्मारक महाविद्यालय गोड़े चिलबिला में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों को ए0डी0आर0, मध्यस्थता, प्री0 लिटिगेशन लोक अदालत सहित निःशुल्क विधिक सहायता सम्बन्धित आवश्यक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। इस अवसर पर सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शासन द्वारा गरीबों, महिलाओं, बच्चो निराश्रितों के कल्याण हेतु कई कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही है जिसके सम्बन्ध में जनसामान्य को जागरूक किये जाने हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैसचिव ने कहा कि जागरूकता से ही शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने महाविद्यालय के छात्रों से भी ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता करने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि विधि महाविद्यालयों में लॉ क्लब एवं लीगल एण्ड क्लीनिक स्थापित करके जनसामान्य को छात्र-छात्राओं के माध्यम से जागरूक किया जायेगा। महाविद्यालय में लीगल एण्ड क्लीनिक स्थापित किये जाने हेतु एक कक्ष का भी निरीक्षण किया जिसे लीगल एण्ड क्लीनिक हेतु आरक्षित किये जाने का निर्देश सम्बन्धित को दिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता मध्यस्थ विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, मो0 शमीम पीएलवी सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।




# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 31 मार्च 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# नाबालिक फुटबॉल प्लेयर बच्चों की पिटाई करने वाला आरोपी शिक्षक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

(आधुनिक समाचार सेवा)
देवभूषण कन्नौजिया

**वाराणसी ।** शिवपुर थाना क्षेत्र के बीते दिनों शिवपुर के नार्मल स्कूल स्थित विवेक सिंह मिनी स्टेडियम से में हो रहे फुटबॉल की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुछ नाबालिक फुटबाल खिलाड़ी बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमे शिवपुर की विवेक सिंह मिनी स्टेडियम के फुटबॉल खिलाड़ियों की टीम हार गई थी और आधा दर्जन के करीब बच्चे बाद में अपने स्टेडियम शिवपुर के नार्मल स्कूल स्थित विवेक सिंह मिनी स्टेडियम पर आए थे जहां हारने पर गुस्साए फुटबॉल के शिवपुर के कोच मो0 शादाब उर्फ बिक्की जो बी0डी0ए0कालोनी शिवपुर के रहने वाले है ने जमकर बेल्ट हॉकी डण्डे एवम थप्पड़ से कमरा बंद करके जमकर मारपीट करके लहूलुहान कर दिया था जिस मामले में शिवपुर के इंद्रपुर खोरी निवासी उत्तम मौर्या पुत्र अरविन्द कुमार मौर्य समेत आधा दर्जन बच्चों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था जिस पर शिवपुर पुलिस दर्जनों बार आरोपी कोच मो0 शादाब उर्फ बिक्की को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी लेकिन आरोपी नही कोच शिक्षक मिला ,बीतीरात प्रभारी निरीक्षक शिवपुर एस0आर0गौतम अपने संग उपनिरीक्षक विवेक सिंह के साथ पुरानी चुंगी के समीप चेकिंग अभियान में मासुर थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नाबालिक फुटबॉल प्लेयर खिलाड़ियों को बुरी तरिके से पिटाई करने वाला आरोपी घर पर मौजूद है,सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शिवपुर एस0आर0गौतम अपने साथ उपनिरीक्षक विवेक सिंह के साथ दबिश दी जहाँ दबिश देने के दौरान उक्त आरोपी फुटबॉल कोच मो0 शादाब उर्फ बिक्की निवासी बीडीए कालोनी शिवपुर वाराणसी मिल गया जिसके बाद गिरफ्तार करते हुए शिवपुर पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया।





# परीक्षा--ओएमआर शीट पर शुरू हुई विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा

**आजमगढ़।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के अधीन सत्र-2022 की मुख्य परीक्षा की शुरुआत 24 मार्च से ही हो चुकी है लेकिन मुख्य रूप से 28 मार्च सोमवार से प्रमुख विषयों की परीक्षा शुरू हो गई है। सोमवार को बीए प्रथम वर्ष के हिदी विषय से 2022 की परीक्षाओं की रणभेरी बज गई। इस बार की विश्वविद्यालय की परीक्षा दो वजहों से खास है। पहला कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रथम बार लागू होने के कारण, बीए प्रथम वर्ष के सामान्य विषयों में भी सेमेस्टर प्रणाली के तहत परीक्षा संपन्न हो रही है। छात्र-छात्राएं मेजर, माइनर, वोकेशनल विषयों के साथ अब तीन मुख्य विषयों के साथ एक माइनर और दो वोकेशनल विषयों की भी बहुविकल्पीय प्रशनें के द्वारा परीक्षा देंगे, जिसमें ओएमआर शीट के द्वारा ब्लैक बाल प्वाइंट पेन से उन्हें अपने संबंधित विषय की परीक्षा देनी है। दूसरे, पहला सेमेस्टर की परीक्षा जहां पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के अधीन रहकर परीक्षा देंगे। वहीं दूसरे सेमेस्टर से वह महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ से संबंध होकर अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करेंगे। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा ने इस दिशा में तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। कुलसचिव वीपी कौशल ने कुलपति के निर्देश पर शासन एवं जौनपुर विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर प्रभावी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। परीक्षा के शुचितापूर्ण संचालन के लिए कुलपति, पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर व जौनपुर के लिए उड़ाका दल की टीमों का गठन कर दिया है। आजमगढ़ में चार जनपद संयोजकों की टीम बनाई गई है, जिसमें डीएवी पीजी कालेज के डा. अरुण कुमार सिंह, श्री दुर्गा जी पीजी कालेज चंडेश्वर के डा. इंद्रजीत व डा. चंद्रविकास मौर्या और सेल्फ फाइनेंस से डा. अवधेश गिरी शामिल हैं।



# किसानों की धड़कन बढ़ा रहे लटकते तार

**बिलरियागंज (आजमगढ़) ।** लकड़ी के खंभों के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस समय लटकते विद्युत तार किसानों की धड़कन बढ़ा रहे हैं। कारण कि गेहूं की फसल पक चुकी है और ढीले तारों की टकराहट से निकलने वाली चिगारी एक ही झटके में किसानों की कमाई राख कर सकती है। वर्षों से कई गांवों में लगे लकड़ी के खंभे के सहारे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। कई बार उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मिलकर पोल लगवाने की मांग की, लेकिन सुनवाई नही हुई। जर्जर तार होने से आएदिन उपभोक्ताओं को समस्याओं से जूझना पड़ता है।तुर्क पड़री गांव में पंचायत भवन के पास वर्षों से लकड़ी के पोल के सहारे लोगों को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। कई बार तार टूटकर गिरने से हादसा भी होते-होते बचा है। इसी तरह कई गांव के दर्जनों घरों तक पहुंचने वाली बिजली लकड़ी के पोल के सहारे ही पहुंचती है। इस बाबत अवर अभियंता अमित कुमार पांडेय का कहना है कि लटक रहे विद्युत तार टाइट कराया जा रहा है। खंभे का प्रपोजल तैयार करके भेज दिया गया है। एस्टीमेट पास होकर मैटेरियल उपलब्ध होते ही बदल दिए जाएंगे।



# क्षय रोग से मुक्त समाज के लिए जनप्रतिनिधि आगे आएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी) ।** शासन के महाभियान में जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। वगैर भागीदारी के लक्ष्य प्राप्ति सम्भव नहीं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता समन्वयन के साथ जुड़कर कार्य करेंगे। उक्त बातें ब्लॉक हरहुआ को क्षय रोग से मुक्त करने अभियान का शुभारंभ गोसाईपुर खुर्दगांव सचिवालय में प्रधान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ0 आर0के0 सिंह ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री की मंशा है 2025 तक हिंदुस्तान को क्षय रोग से मुक्त करने की है। उसी मंशा को पूर्ण करने के लिए इस अभियान का शुभारंभ हरहुआ में किया गया ताकि आशा, एएनएम ,सफाई कर्मी व आंगनबाड़ी घर घर जाकर खांसी बुखार के रोगियों को जानकारी देंगे और चिन्हित करेंगे। अब तक सौ के ऊपर बलगम जांच कराया जा चुका जिसमे तीन टीवी के मरीज खोजे गए हैं ।




# पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा चालू होने का इंतजार

**आजमगढ़।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर से लखनऊ की राह आसान होगी। इसके लिए परिवहन विभाग का सर्वे का काम लगभग पूरा हो गया है। विभाग पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर टोल प्लाजा चालू होने का इंतजार कर रहा है, जिससे आजमगढ़ से लखनऊ तक का किराया तय हो सके। इससे दो घंटे में राजधानी पहुंचा जा सकता है। इसके लिए नान स्टाप बसों का संचालन होगा। एक्सप्रेस-वे पर टोल तैयार हो जाने से विभाग बसों के संचालन के संदर्भ में निर्णय लेगा। इसके बाद ही किराया तय किया जाएगा। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रोडवेज बसों के संचालन के लिए सर्वे का काम किया जा रहा है। टोल प्लाजा चालू नहीं होने से किराया तय करने में दिक्कत आ रही है। टोल चालू होने के बाद ही किराया व कितने बसें चलेगी पर निर्णय होगा। जल्द टोल चालू होने की उम्मीद है।



# सब्जियों की फसल पर सुंडी कीटों का प्रकोप

**भदौरा (गाजीपुर) ।** सेवराई तहसील क्षेत्र में नकदी फसल के रूप में किसान सब्जियों की खेती से जुड़े हैं। गंगा व कर्मनाशा नदी के तटवर्ती गांव सब्जियों की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं। मौसम में आए बदलाव और तेज गर्मी के कारण मौजूदा समय में क्षेत्रीय किसान सब्जियों में बढ़ते कीटों के प्रकोप से परेशान हैं। सुंडी व फली छेदक कीटों के चलते उपज प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। बारा, गहमर, कुतुबपुर, मगरखाई, भतौरा, दलपतपुर, सायर, देवल, सुरहा, बरेजी, अमौरा आदि गांवों में सब्जी की खेती बड़ी संख्या में किसान करते हैं। मौजूदा समय में किसान टमाटर, बैंगन, भिडी, परवल, नेनुआ, लौकी और कैरैले का उत्पादन कर रहे हैं। सब्जियों में इन दिनों फली छेदक कीटों का प्रकोप हो रहा है। कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का असर भी होता न देख अब उपज प्रभावित होने का डर सताने लगा है। बारा के मंटू सैनी, फूलचंद कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, मुखराम कुशवाहा, अशोक पासवान आदि का कहना है ।

# मुख्यमंत्री योगी - नियुक्ति, कार्मिक, गृह मंत्रालय, सतर्कता, आवास एवं शहरी नियोजन समेत 25 विभाग

(आधुनिक समाचार सेवा)
अजय कुमार गुप्ता

उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य - ग्राम विकास, समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण सुरेश खन्न - वित्त मंत्रालय, संसदीय कार्य सूर्य प्रताप शाही - कृषि मंत्रालय स्वतंत्र देव सिंह - जल शत्ति बेबी रानी मौर्य - महिला कल्याण लक्ष्मीनारायण - गन्न विकास धर्मपाल सिंह - पशुधन और अल्पसंख्यक कल्याण संदीप सिंह बेसिक शिक्षा गुलाबदेवी - माध्यमिक शिक्ष गिरीश चंद्र यादव खेल एवं युवा कल्याण धर्मवीर प्रजापति कारगार एव होमगार्ड असीम अरुण समाज कल्याण जयेंद्र प्रताप सिंह सहकारिता दयाशंकर सिंह परिवहन नरेंद्र कश्यप - पिछड़ा वर्ग कल्याण जयवीर सिंह - पर्यटन मंत्री नंद गोपाल - नंदी औद्योगिक विकास व निर्यात भूपेंद्र चौधरी पंचायती राज मंत्रा अनिल राजभर श्रम एवं सेवायोजन समन्वय मंत्री जितिन प्रसाद - पीडब्लूयूडी मंत्री बने ए.के.शर्मा - नगर विकास व शहरी समग्र विकास योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आशीष पटेल - प्राविधिक शिक्षा संजय निषाद - मत्स्य मंत्री असीम अरुण- अनुसूचित जाति व समाज कल्याण के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति - कारागार एवं होमगार्ड मंत्री संदीप सिंह बेसिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री बने।

# तीखी धूप व गर्म हवा के थपेड़ों ने किया बेहाल

**आजमगढ़।** मार्च माह के अंतिम सप्ताह में गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों को दोपहर में घर से निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह 10 बजे ही सूर्य की किरणें तीखी होने लगीं। इसके चलते लोग सिर और चेहरे को गमछे से ढंककर निकले। दोपहर में गर्म हवा के थपेड़ों ने हर कसी को बेहाल कर दिया। तेज धूप लोगों की सेहत भी बिगाड़ रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पानी साथ लेकर चल रहे हैं। इसके बाद भी राहत नहीं मिल पा रहे है, तो गनन्ेका रस, नींबू पानी, लस्सी, मिल्क शेक, कोल्ड ड्रिक्स पी रहे है। लगातार तेज धूप से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। सिर और चेहरा ढंककर निकलने के बावजूद चेहरा लाल पड़ जाता है। बिलारमऊ तेज धूप और गर्मी से बोर्ड की परीक्षा देने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। द्वितीय पाली परीक्षा में बच्चों को इस तेज धूप में घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। वहीं जंगली जानवरों पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल दिखाई दिए।

# पीकू वार्ड में किया गया माकड्रिल

मुहम्मदाबाद (गाजीपुर) : कोविड-19 को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सोमवार को मुहम्मदाबाद के पीकू वार्ड में माकड्रिल किया गया। जनपद के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर पीकू वार्ड का निर्माण कर लिया गया है। यह मौजूदा समय में कितना इफेक्टिव है इसकी निगरानी करने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहमदाबाद पहुंचे। माकड्रिल कर यह देखा गया कि यदि संभावित लहर का आगमन हो जाए तो इसके लिए यहां के स्वास्थ्य विभाग और उसमें कार्यरत कर्मचारी कितना एक्टिव हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद पर बनाए गए पीकू वार्ड का माकड्रिल और निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में बनाए गए पीकू वार्ड की स्थिति और उसमें ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारी पूर्ण रूप से ट्रेनिग लेकर अपने कार्यों के प्रति सचेत दिखाई दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद के अधीक्षक डा. आशीष राय ने बताया कि पीकू वार्ड का माकड्रिल किया गया। इसमें तैयारियों पर चर्चा, औषधियों की उपलब्धता के साथ-साथ आक्सीजन व्यवस्था व कंसंट्रेटर को चालू कर उनकी स्थितियों को पोर्टल पर अपडेट करते हुऐ फूल रिहर्सल किया गया। रोगियों को दी जाने वाले समस्त सुविधाओं का आकलन करते हुए रोगी तथा उनके परिजनों को दी जाने वाली सुविधा, बायो वेस्ट, रेफरल इन व आउट इत्यादि सुविधाओं को प्रोटोकाल अनुसार देखा गया। इसके अलावा बाई पेप व अन्य जीवन रक्षक उपकरणों का लाइव डिमांस्ट्रेशन किया गया। चेक लिस्ट के अनुसार सभी उपलब्ध सुविधाओं को पोर्टल पर अपडेट किया गया। इसमें इस डा. तौसीफ अहमद, संजीव कुमार ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, विक्रम देव दयाल फार्मासिस्ट, कृष्ण कुमार सिंह बीडीए के साथ टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



# बाडी बिल्डिग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

**आजमगढ़ ।** बाडी बिल्डिग चैंपियनशिप में खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से निर्णायक टीम पशोपेश में डाले रहे। रविवार आधी रात बाद निर्णय आने शुरू हुए तो मसल मैन आफ यूपी मो. नाजिम तो माही यादव ने मिस यूपी का खिताब जीता, जबकि राहुल सेठ मिस्टर आजमगढ़ और मसल मैन आफ आजमगढ़ सलमान चुने गए। प्रतियोगिता में कशमकश होने के कारण दर्शक भी निष्कर्ष जानने को दीर्घा में निर्णय आने तक डटे रहे। मुख्य अतिथि रहे कमिश्नर विजय विश्वास पंत प्रतिभागियों का न सिर्फ उत्साहवर्धन किया, बल्कि अपने संबोधन में खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की कामना की। शहर से सटे लछिरामपुर में स्थित राहुल सांकृत्यान जन इंटर कालेज के प्रांगण रविवार को देर शाम उत्तर प्रदेश बाडी बिल्डिग एंड फिटनेस एसोसिएशन एवं आजमगढ़ बाडी बिल्डिग एंड फिटनेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो तरह के चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। पहला मिस्टर आजमगढ़ चैंपियनशिप और दूसरा राज्य स्तरीय मिस्टर एवं मिस चुने जाने का था। मिस्टर आजमगढ़ चैंपियनशिप में जनपद से 132 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जबकि राज्य स्तरीय मिस्टर एवं मिस चैंपियनशिप में 127 खिलाड़ी यूपी के कई जिलों से प्रतिभाग करने पहुंचे थे। मुख्य अतिथि डा. आरबी त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को विभिन्न भार वर्गों में प्रतियोगिता जीतने के लिए कुल 1.75 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया। वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. मनीष त्रिपाठी एवं परमवीर यादव ने ट्राफी सौंपकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डा. मनीष ने कहा कि आजमगढ़ में ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल ऊपर उठता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में महफूज आलम, राजेश गुप्ता, त्रिलोकी मोदनवाल, राजेश यादव, मो. सगीर, शिखर एवं जीत रहे। जावेद अहमद, चंद्र प्रकाश एवं महेंद्र यादव ने मंच का संचालन करते चैंपियनशिप में चार चांद लगाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। बेहतर प्रदर्शन कर रितिक सेठ ने बेस्ट पोजर का खिताब जीतकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में 40 से 80 किलो ग्राम तक के खिलाड़ी प्रतिभाग करने पहुंचे थे।



# निजीकरण व पुरानी पेंशन मुद्दे पर कर्मियों ने खोला मोर्चा

**गाजीपुर ।** संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में सोमवार को शहर क्षेत्र के लालदरवाजा पावर हाउस में बिजली कमिन्यों ने निजीकरण के विरोध में सभा व प्रदर्शन किया। इसमें इलेक्ट्रीसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2021 और स्टैंडर्ड बिडिग डाक्युमेंट के मसौदे को वापस लेने का मुद्दा गरमाया रहा। मांग किया कि निजीकरण की सभी प्रक्रिया निरस्त करते हुए ग्रेटर नोएडा का निजीकरण व आगरा का फ्रेंचाइजी करार रद किया जाए। संघर्ष समिति के जिला संयोजक निभन्य नारायण सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ व पांडिचेरी सहित सभी केंद्र शासित प्रदेशों व अन्य स्थानों पर चल रही निजीकरण की सारी प्रक्रिया निरस्त की जाए। केरल के केएसईबी लिमिटेड की तरह उप्र में भी सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लिमिटेड का गठन किया जाए। सभी बिजली कमिन्यों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली लागू की जाए। धरने में मुख्य रूप से अधिशासी अभियंता चंद्रपाल सिंह, शिवम राय, आदित्य पांडेय, महेंद्र मिश्रा, आशीष चौहान सहायक अभियंता शेखर सिंह, मिठाईलाल, सत्यम त्रिपाठी, जिला संरक्षक विद्युत मजदूर पंचायत शिवदर्शन सिंह, जिलाध्यक्ष अरविद कुशवाहा, जिला मंत्री विजयशंकर राय, अश्विनी सिंह, जेपी बाबू, प्रवीण सिंह, भानु सिंह आदि कर्मचारी शामिल रहे। निजीकरण के खिलाफ एलआइसी यूनियन ने किया प्रदर्शन गाजीपुर : बीमा की कंपनियों के निजीकरण के खिलाफ मजदूर यूनियन ने देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। सोमवार को महुआबाग स्थित एलआइसी कार्यालय के बाहर अलग-अलग संगठन के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। आरोप लगाया की धीरे-धीरे पब्लिक सेक्टर की कंपनियों को आइपीओ के नाम पर बेचा जा रहा है। मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। रोजगार कम किए जा रहे हैं। इस हड़ताल में एलआइसी के अखिलेश्वर सिंह यादव, शशिकांत पांडेय, संतोष कुमार सिंह, मदन राम, सुजीत सिंह, पवन सिंह, मीरा तिवारी, ममता, बबिता, मोहित मिश्रा, हरवंश सिंह मौजूद रहे। उधर, यूनियन बैंक के वीरेंद्र कुमार शर्मा, आकाश सिंह, प्रियांशु कुमार, विनोद दुबे, मोती चंद्र, राजेश कुमार, अशोक मिश्रा, मगरू राम और पंजाब नेशनल बैंक के जिला मंत्री कमलेश कुमार सिंह, हृदय शंकर राय, अशोक सिंह, दीवान खान, सतेन्द्र गुप्ता, श्रीप्रकाश तिवारी, बीबी सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे। इसकी अध्यक्षता सुनील कुमार कुशवाहा व संचालन उपेंद्र नाथ सिंह ने किया। हड़ताल के बाद भी जमा हुआ बिल खानपुर : विद्युत वितरण खंड तृतीय सैदपुर सहित खानपुर रामपुर के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल किया। कर्मचारी संघ के सैदपुर ब्लाक अध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को दो दिनों तक सुबह से दस से पांच बजे तक सभी कार्य बंद रहेंगे, लेकिन काउंटर पर बिल जमा किया जा सकता है। जेई नत्थू राम यादव ने बताया कि विद्युत वितरण खंड तृतीय सैदपुर के सभी कर्मचारी संगठन द्वारा सात सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया गया है। एक्सईएन आशीष चौहान, जेई मोहनलाल, अजीमुल हसन, मंगला श्रीवास्तव, अरविंद मिश्रा, आदिल अली, प्रकाश विश्वकर्मा, एके सिन्हा आदि रहे।



# कच्चे मकान में लगी आग हजारों का सामान जलकर हुआ खाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र के पतगड़ी गांव में आज मंगलवार को सुबह लगभग ग्यारह बजे मिट्टी



के कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से नगदी सहित गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया धन्नू गोड़ पुत्र स्व0 नांहक गोड़ निवासी ग्राम पंचायत कोटा के टोला पतगड़ी ने बताया कि हमलोग घर पर नही थे खेत खलियान पर थे केवल मेरी बहु और बच्चे घर के अंदर थे कि अचानक घर से सटे छाजन में आग लग गई और तेज हवा चलने के कारण आग इतना तेज जलने लगा कि घर से बहु और जोर जोर हल्ला मचाने लगे आवाज सुनकर आसपास के लोग और हमलोग भी आ गये बडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक घर के पाटन पर रखें गृहस्थी का सामान और एक बक्से में जरूरत के कागजात और बक्से में रखे बीस हजार रुपए सब जलकर खाक हो गए गनीमत रहा कोई अप्रिय घटना नही घटा। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल और ग्राम प्रधान को स्थानीय लोगों द्वारा दे दी गई हैं।

# लायन दया सिंह जोन चेयरपर्सन ने तृतीय बैठक सम्पन्न हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** लायन दया सिंह जोन चेयरपर्सन ने तृतीय बैठक लायन्स क्लब राबर्ट्सगंज व लायन्स क्लब कैमूर के साथ न्यू होटल सबेरा में डीनर के साथ बैठक की। जिसमें जीम कार्पेट, रामनगर में भाग लेने के लिए कहा। लायन्स क्लब राबर्ट्सगंज का डिस्ट्रिक्ट व अन्तर्राष्ट्रीय ड्यूज पेड हैं। लायंस क्लब कैमूर का अन्तर्राष्ट्रीय ड्यूज पेड हैं, डिस्ट्रिक्ट ड्यूज मण्डल अधिवेशन के पूर्व भेजने को कहा गया। कैमूर एक्टीविटीज को शीघ्र पोस्ट करें। लायन्स क्लब राबर्ट्सगंज के अध्यक्ष किशोरी सिंह, सचिव विमल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष परमेश जैन,कैमूर के अध्यक्ष अनिल सिंह, मिथिलेश सिंह, नरेन्द्र अग्रवाल उर्फ नन्दन



अग्रवाल, पाठक जी ने बैठक में भाग लिया।

# मवोसी चराने गया वृद्ध पानी में डूबने से हुई मौत क्षेत्र में हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)।** चोपन थाना क्षेत्र में आज मंगलवार को बंधी में डूबने से एक वृद्ध मौत हो गई। क्षेत्र में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार महादेव गोड़ पुत्र स्व0 देवशाह गोड़ उम्र लगभग (60)वर्ष निवासी ग्राम पंचायत पनारी के टोला कैम्हापान गांव में स्थित बंधी में डूबने से मौत हो गई। मृतक के लड़के ने बताया कि सोमवार को सुबह घर से भैस चराने के लिए निकले थे और जब शाम मवेशी आ गए लेकिन पिताजी नही आए तो हमलोगों ने रातभर गांव में कही दूसरे गांव खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नही चला। मंगलवार की सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने मृतक का डंडा बंधी के पानी मे तैरता देखा तो आशंका जताते हुए पानी के अंदर कुछ लोग पानी के अंदर खोजने लगे कड़ी मशक्कत के बाद पानी में लगभग डेढ़ पोरसा निचे अंदर के घास में शव फंसा हुआ देख उसके बाद इस घटना की सूचना डॉयल 112 न0, चोपन थाना, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल को दिया गया। सूचना पाते ही पीआरबी चोपन ,





ग्राम प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद एवं क्षेत्रीय लेखपाल रंजीत कुशवाहा घटनास्थल पर पहुंच गए।पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पानी के अंदर दबे शव को निकलवाया गया और साथ मे मृतक का टँगारी भी निकला। चोपन थाना वेक एसएसआई कृष्ण अवतार सिंह सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# बैंक हड़ताल से 500 करोड़ का कारोबार प्रभावित

**मीरजापुर।** आल इंडिया बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन के दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के अंतिम दिन मंगलवार को निजीकरण व नई पेंशन नीति को लेकर बैंककर्मियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। सभी बैंक शाखाओं पर ताला लटका रहा। उपभोक्ता भी ताला लटकता देख मायूस होकर लौट गए। बैंककर्मियों के हड़ताल से बैंक का कामकाज प्रभावित रहा। लेनदेन व क्लीयरेंस सब ठप रहा। इससे खाताधारकों को काफी परेशानी हुई। दो दिवसीय बैंक हड़ताल से लगभग 500 करोड़ का लेन-देन प्रभावित हुआ। यूपी बैंक इंप्लाइज यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने इंडियन बैंक डंकीनगंज शाखा पर प्रदर्शन किया। साथ ही केंद्र सरकार पर बैंकों का निजीकरण कर पूंजीवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। जिला मंत्री सुरेश पांडेय ने कहा कि देशहित में सबसे ज्यादा मध्यम वर्ग यानी व्यापारी, कर्मचारी टैक्स भरता है, लेकिन मध्यम वर्ग के लिए सरकार की ओर से कोई नीतियां नहीं बनती। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद नवयुवकों की उम्र की सीमा समाप्त हो रही है। इनके लिए सरकार की कोई योजना नहीं है। प्रजातंत्र केवल नारा है। पूंजीतंत्र व भीड़तंत्र सब पर भारी है। प्रदर्शन के बाद बैंककर्मियों ने बंद बैंक शाखाओं का भ्रमण किया। रामबाग स्थित एलआइसी कार्यालय पर एलआइसी कर्मियों ने भी प्रदर्शन किया। कहा कि कर्मचारी विरोधी नीतियां स्वीकार्य नहीं हैं। इसके खिलाफ वे लोग विरोध करते रहेंगे। वहीं अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ मीरजापुर मंडल के डाक कर्मचारियों ने फतहां स्थित प्रधान डाकघर पर हड़ताल किया। कहा कि उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। सरकार कर्मचारी हितों को दरकिनार कर रही है। ऐसे में उन लोगों को अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को कर्मचारियों की मांगों पर अविलंब विचार करना चाहिए।

# रामनवमी शोभायात्रा कमेटी का हुआ गठन, सत्यप्रकाश तिवारी बने अध्यक्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**चोपन/ सोनभद्र।** सोमवार की देर शाम श्री राम नवमी उत्सव में चोपन



नगर में निकलने वाले भव्य रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारी एवं कमेटी के गठन हेतु स्थानीय कैलाश मंदिर में बैठक किया गया । बैठक में सर्वसम्मति से सत्य प्रकाश तिवारी को अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों का गठन किया गया । समिति के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने बताया कि श्री राम नवमी पर चोपन नगर में भव्य प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा कैलाश मंदिर से प्रारंभ होकर प्रीत नगर से होते हुये पुनः चोपन रेलवे कॉलोनी बाजार होते हुए बैरियर पर नगर भ्रमण करती है जिसमें स्थानीय नगर निवासी तथा आसपास के सभी सनातनी बंधु धूमधाम से ढोल नगाड़ा डीजे के साथ जय श्री राम के नारे के साथ प्रभु श्री राम जी का जन्मदिन मनाते हैं परंतु पिछले 2 वर्षों से वैश्विक महामारी करोना के कारण रामनवमी रथयात्रा नहीं निकाली जा सकी परंतु इस वर्ष आगामी 10 अप्रैल को भव्य रामनवमी रथ यात्रा निकलेगी । बैठक में प्रमुख रूप से राजन जायसवाल, संजय जैन, प्रदीप अग्रवाल, रामसुंदर निषाद, सुनील सिंह, तीर्थराज शुक्ला, देवानंद रवानी, जितेंद्र जयसवाल, श्यामनारायण दुबे, राम कुमार सोनी, अभिषेक दुबे, राहुल पटेल, विकास चौबे, रामबाबू पटेल, रामचंद्र कनौजिया, नीरज जायसवाल छोटू, संतोष वर्मा, नीरज जायसवाल, विकास दुबे इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रीय राजमार्ग से 10 फीट नीचे खाई में उतरी कार, चार घायल

**हलिया (मीरजापुर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरजापुर-रीवां राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगवलार को ड्रमंडगंज के सेवटी नदी के समीप अनियंत्रित कार 10 फीट नीचे खाई में जा गिरा। इससे कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पंहुची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। अमेठी के मुंशीगंज निवासी बाबूलाल तिवारी, श्याम करण सिंह, सरस्वती, दिलीप कुमार सिंह कार से मां विध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के लिए विध्याचल आए थे। दर्शन-पूजन के बाद मध्य प्रदेश के मैहर दर्शन-पूजन के लिए जा रहे थे। ड्रमंडगंज सेवटी नदी के सामने पंहुचते ही कार अनियंत्रित होकर 10 फीट नीचे खाई में जा गिरा। इससे कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।



# ओबरा विधानसभा संयोजक राकेश उपाध्याय ने अपने पद से दिया इस्तीफा........

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** बिधानसभा संयोजक राकेश उपाध्याय ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के मुखिया एवं मार्गदर्शक बाबा साहब एवं मान्यवर कांशीराम के बताए गए नितीयो से भटक गई है जींस कारण आज सोनभद्र बहुजन परिवार कि पार्टी से इस्तीफा देकर किसी दूसरी पार्टी से न जुड़ कर निस्वार्थ भाव से जनता कि अपने कार्यकर्ताओं के साथ सेवा करेंगे मुख्य रूप से इस्तीफा देने वाले राकेश उपाध्याय,अमन भारती, सतीश पांडेय, मनोज दीक्षित, रामनरेश राहुल ,दुबे दिलीप, आशीष गुप्ता ,बबलू इत्यादि लोग ने दिया इस्तीफा।



# रेलवे परिसर में फैला कूड़ा, यात्री परेशान


**मीरजापुर ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिग एरिया में गंदगी फैली होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं पास में भगवान शंकर का मंदिर व आरपीएफ थाना होने के बावजूद कूड़ा करकट फैला है। यही नहीं स्टेशन के मुख्य द्वार पर भी गंदगी फैली रहती है। जबकि स्वच्छता के मामले में विभाग द्वारा हमेशा वाहवाही लूटी जाती है। इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है। मीरजापुर रेलवे स्टेशन ए श्रेणी में आता है। यहीं नहीं स्वच्छता के नाम पर पानी की तरह रेलवे विभाग द्वारा रुपया बहाया जाता है, लेकिन सफाई के नाम पर सिर्फ प्लेटफार्म को ही चमकाया जाता है। स्टेशन परिसर में रात में



मंदिर के पास यात्री आराम करते है। वही पास में कुली विश्राम कक्ष है। सारी दुनिया का बोझ उठाने के बाद जब रात में आराम करने के लिए अपने विश्रामालय में कुली जाते है, तो उन्हें गंदगी के बीच से ही जाना पड़ता है। इसी के बगल में आरपीएफ थाना स्थित है। यहीं नहीं मंदिर पर प्रतिदिन आसपास के अलावा यात्रा करने वाले प्रत्येक यात्री मत्था टेकने के लिए जाते है। दूर दराज जाने वाले यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचते है तो आराम करने के लिए स्टेशन के बाहर मंदिर के पास ही रात में आराम फरमाते हैं। लेकिन गंदगी देख उनके मन भी विचलित हो जाते है। इस संबंध में प्रयागराज मंडल कार्यालय के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# 1214 ने संस्कृत तो 1077 ने छोड़ी प्राविधिक परीक्षा

**मीरजापुर ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा के दौरान मंगलवार को पहली पाली में हाईस्कूल में संस्कृत तथा इंटरमीडिएट में प्राविधिक कला व चित्रकला विषय की परीक्षाएं हुई। परीक्षा के दौरान 1214 ने हाईस्कूल संस्कृत विषय की तो 1077 ने इंटरमीडिएट प्राविधिक विषय की परीक्षा छोड़ दी। सख्ती के चलते परीक्षार्थी यूपी बोर्ड की परीक्षा छोड़ रहे हैं। वहीं नकल रोकने लिए डीआइओएस सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा गठित सचल दल सक्रिय नहीं दिखा। हाईस्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा में पंजीकृत 9513 में से 8299 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 1214 ने परीक्षा छोड़ दिया। वहीं दूसरी तरफ इंटरमीडिएट प्राविधिक कला व चित्रकला विषय की परीक्षा में पंजीकृत 9784 में से 8787 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 1077 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में हाईस्कूल में संगीत वादन विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत सभी 14 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। संस्कृत व प्राविधिक कला की परीक्षा के दौरान उड़ाका दल कम सक्रिय दिखा। मंगलवार को कोई परीक्षार्थी नकल करते नहीं मिला। संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में घट रहे परीक्षार्थी उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की मध्यमा स्तर की परीक्षाएं मंगलवार को भी जिले के तीन केंद्रों पर हुई। प्रथमा (कक्षा आठ), पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) व उत्तर मध्यमा (इंटरमीडिएट) की परीक्षाएं सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में हो रही हैं। नकलविहीन परीक्षा के लिए डीआईओएस सत्येंद्र कुमार सिंह ने सचल दल का गठन किया है। श्री सनातन भैरव शंकर ब्रह्म संयुक्त संस्कृत महाविद्यालय के प्रभारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पहली पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष संस्कृत शास्त्र की परीक्षा में 32 में से 18, उत्तर मध्यमा प्रथम साहित्य विषय में पंजीकृत 27 में से 19 तथा ज्योतिष विषय में महज एक परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय



वर्ष में पंजीकृत 32 में से 23 तो उच्चतर मध्यमा द्वितीय वर्ष साहित्य विषय में पंजीकृत 22 में से 16 परीक्षाथिर्यों ने परीक्षा दी। वहीं व्याकरण विषय में पंजीकृत महज एक परीक्षार्थी भी परीक्षा देने नहीं पहुंचा।

# गर्मी के दस्तक देते ही बढ़ी मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग

**चुनार (मीरजापुर) ।** पारा चढ़ने के साथ ही गर्मी बढ़ती जा रही है। वहीं गर्मी के दस्तक देते ही देशी फ्रीज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही आदि की मांग बढ़ गई है। पिछले दो साल से कोरोना के चलते गरीब हो या अमीर सभी के बीच ठंडे पानी के लिए मिट्टी के मटके और सुराही की मांग बढ़ गई है। इन दिनों तापमान 38 से 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में गर्मी के मद्देनजर देशी फ्रिज की मांग काफी बढ़ गई है। प्रचंड गर्मी में कुम्हारों द्वारा कई किस्म के घड़े बाजार में बेचे जा रहे हैं। मांग के बढ़ने के साथ-साथ इनकी कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य के लिए इसका पानी उत्तम है। नगर के चौक बाजार, भरपुर, स्टेशन रोड आदि स्थानों पर मिट्टी के घड़े बिकने वेक लिए सजे हैं। चिकित्सक के अनुसार मिट्टी के घड़े का पानी उत्तम होता है। भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए इन दिनों मटके की मांग काफी बढ़ गई है। बाजार में एक घड़े की कीमत 60 से 120 रुपये है। सुराही का भी काफी चलन है। समय बदलने के साथ कुम्हारों द्वारा मटका निर्माण में भी कई प्रयोग किए गए हैं। टोटी लगे मटके लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही आम आदमी को गर्मी से निजात पाने के लिए ठंडे पानी की



आवश्यकता महसूस होने लगी है। गर्मी के दिनों में काफी लोग फ्रिज का पानी पीने की बजाए मटके के पानी से गला तर करना ज्यादा पसंद करते हैं और मिट्टी के घड़े का सोंधापन अलग ही सुकूद प्रदान करता है। पीरवाजी शहीद निवासी बाढ़ू प्रजापति बताते हैं कि चुनार गंगा की मिट्टी से बने घड़े और सुराही का पानी काफी ठंडा होता है। इस बार मटकों और सुराही की कीमत साठ रुपये से डेढ़ सौ रुपये तक है।

# कलाकारों की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**मीरजापुर ।** पूर्व सैनिक पेंशनर सेवा समिति के तत्वावधान में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैप्टन नौसेना राजीव रंजन सिन्हा और संरक्षक राजपति ओझा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।गायक कलाकार जवाहर लाल विश्वकर्मा, राजाराम, ज्ञानी यादव ने मनोहारी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति सुनकर लोग आनंदित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक त्रिभुवन पांडेय ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन पांडेय, राष्ट्रीय संरक्षक राजपति ओझा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, जिलाध्यक्ष बेंकट रमन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सर्वजीत पांडेय, मीडिया प्रभारी ज्ञान दूबे रहे।



# अग्निकांड में सैकड़ों बीघा खड़ी फसल राख, भारी क्षति

**पटेहरा (मीरजापुर) ।** मड़िहान तहसील क्षेत्र के बभनी थपनवां और शेरूआ गांव में सोमवार को भूसा निकालने के दौरान ट्रैक्टर की चिगारी से खेतों में आग लग गई। अगलगी की घटना में सैकड़ों बीघा गेहूं, सरसों, चना, जौ और अरहर की फसलें राख हो गईं। मौके पर पहुंचे अगिन्शमन दल संग ग्रामीणों ने तीन घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग बुझाने के चक्कर में आधा दर्जन किसानों के पैरों में छाले पड़ गए। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा मांगा है।सुबह खेतों में मेहनत कर दोपहरिया में खाना खाने के बाद अपने घरों में किसान आराम कर रहे थे तभी खेतों में आग लग गई। इसकी जानकारी जब तक होती तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। पहले बभनी थपनवां के सिवान से आग लपटें उठता देख



किसान अपने-अपने खेत पर पहुंच गए, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि बगल में सटे शेरूआ गांव के सिवान की फसलें जलने लगी। एसडीएम मड़िहान सिद्धार्थ कुमार यादव द्वारा मौके पर दमकल के साथ नायब तहसीलदार विदू नंदन, चौकी प्रभारी पटेहरा राम निवास सिंह कुशवाहा संग अगिन्शमन दल व ग्राम पंचायत की टैंकर लेकर पहुंच कर आग पर काबू पाया। इस दौरान बभनी थपनवां निवासी किसान जगत नारायण दुबे, गुलाब चंद दुबे, त्रिवेणी प्रसाद, पार्वती देवी, श्याम बिहारी सिंह पटेल, रामलखन सिंह पटेल, दिलराम, राम सिंह, राकेश पांडेय, शशि शंकर उपाध्याय, रविशंकर शुक्ला के साथ शेरूआ गांव के किसान ईशरी राम, मिश्री लाल, परमेश्वर, राजबली, रामसकल, राम तपेश्वर, लालदास, प्रवीण, श्रवण और दिलीप आदि किसानों के लगभग ढाई सौ बीघा से ऊपर फसल राख हो गई।

# श्रद्धा, भक्ति, आस्था, उमंग का महापर्व है श्रीराम जन्मोत्सव

**मीरजापुर ।** नवरात्र की नवमी पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसकी तैयारी को लेकर श्रीराम जन्मोत्सव भव्य शोभायात्रा समिति की बैठक रविवार को लालडिग्गी में हुई। बैठक में विश्व हिदू परिषद के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति, आस्था, उमंग और उल्लास का महापर्व है। सभी कार्यकर्ता राम जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारी में लगे। प्रभु श्रीराम के सात्विक वृत्ति को आगे बढ़ाना है। रावणी वृत्ति, आसुरी वृत्ति, राक्षसी वृत्ति का समन करना है। यही यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि रामनवमी के दिन 10 अप्रैल को नगर में भव्य शोभायात्रा भक्तों के साथ निकलेगी, जिसमें दर्जनों की संख्या में झांकियां, डीजे, बैंड बाजा के साथ निकलेंगे। शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। अध्यक्ष रवि शंकर साहू ने कहा कि आठ अप्रैल को मोटरसाइकिल जन जागरण यात्रा निकाला जाएगा। केबी कालेज के पूर्व अध्यक्ष शिवम सिंह पटेल को जन जागरण यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। सह प्रभारी का दायित्व अभिषेक केसरी, बजरंगी, अभिनव सिंह तथा अभिषेक कुशवाहा को बनाया गया है। शोभायात्रा समिति के सह प्रभारी का दायित्व गोपाल केसरवानी व श्रीधर पांडेय को बनाया गया हैं। संचालन कार्यक्रम प्रभारी मनोज दमकल ने किया। संयोजक आनंद सिंह, सहसंयोजक अंकन मिश्रा, प्रभारी मदन गोपाल सोनी, अंकुर श्रीवास्तव, विजय साहू, पवन कुमार, विशाल मालवीय, दीपक श्रीवास्तव, विजय केसरवानी एवं मनोज पासवान, दीपा उमर, गुंजन गुप्ता, गुंजा गुप्ता, सुनैना यादव रहे।

# रोहित शर्मा को लगा दोहरा झटका, दिल्ली से मिली हार के बाद लगा 12 लाख का फाइन

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने आइपीएल 2022 में अपना पहला मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला। इस मैच में मुंबई के लिए सबकुछ ठीक था और ऐसा लग रहा था कि टीम जीत जाएगी, लेकिन आखिरी पलों में दिल्ली के बल्लेबाजों में मुंबई के मुंह से मैच छीन लिया और रोहित शर्मा को 4 विकेट से हार मिली। आइपीएल के 15वें सीजन में मुंबई का आगाज तो खराब रहा ही इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा पर स्लो ओवर रेट के लिए भी जुर्माना लगा दिया गया। यानी पहले हार और फिर जुर्माना मुंबई टीम के लिए दोहरा झटका रहा। दिल्ली के खिलाफ मुंबई ने ईशान किशन की शानदार नाबाद 81 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 177 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया। कप्तान रोहित शर्मा ने खुद भी टीम के लिए 41 रन की अच्छी पारी खेली। दिल्ली को जीत के लिए 178 रन बनाने थे और मुंबई के गेंदबाजों ने शुरुआती विकेट निकालकर मुंबई




के लिए उम्मीदें बढ़ा दी थी, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज ललित यादव ने नाबाद 48 रन और आलराउंडर अक्षर पटेल ने नाबाद 38 रन की पारी खेलकर टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी। मैच खत्म होने के बाद रोहित शर्मा को तय समय के अंदर गेंदबाजी खत्म नहीं करवाने का दोषी पाया गया और उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा नजर इस बात पर थी कि बदली हुई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रिषभ पंत रोहित शर्मा का मुकाबला किस तरह से कर पाएंगे, लेकिन शुरुआत में दिल्ली के बल्लेबाज लड़खड़ा गए और फिर निचले क्रम के बल्लेबाजों ने दम दिखाया तो वहीं दिल्ली के गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। खास तौर पर कुलदीप यादव की गेंदबाजी काफी अच्छी रही। दिल्ली की टीम में वाकई दम दिखा और इस मैच में तो मुंबई इस टीम का सामना नहीं कर पाई। कुलदीप यादव को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। इस मैच में रिषभ पंत ने रोहित शर्मा का डटकर मुकाबला किया।

# आइसीसी की ताजा रैंकिंग में मिताली पहुंची छठे स्थान पर तो झूलन को भी हुआ फायदा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज आइसीसी वनडे रैंकिंग में दो स्थानों की छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गई हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की ओपनर लोरा वुलवर्ट दो अंकों की छलांग लगाकर दुनिया की नंबर वन बल्लेबाज बन गई हैं। अभी तक उन्होंने वर्ल्ड कप में 433 रन बना लिए हैं। उनके इसी प्रदर्शन के दम पर उन्होंने आस्ट्रेलिया की दो खिलाड.ियों को इस सूची में पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस दौरान 5 अर्धशतकीय पारी खेली जिसमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई उनकी 90 रनों की भी पारी शामिल है जो उन्होंने वेलिंगटन के मैदान पर खेली थी। वुलवर्ट के टाप में जगह बनाने का मतलब है कि आस्ट्रेलिया की एलिसा हेली जो अब तक शीर्ष पर काबिज थी 4 स्थानों की गिरावट के साथ 5वें नंबर पर पहुंच गई हैं। उनकी ही टीम की बीथ मूनी दूसरे नंबर पर जबकि आस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लेनिंग तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की नेट स्कीवर चौथे स्थान पर हैं। भारत की मिताली राज छठे स्थान पर हैं। उनकी रैंकिंग में सुधार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच में उनके द्वारा खेली गई अर्धशतकीय पारी के बाद हुआ है। हालांकि वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए वो आखिरी मैच था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद टीम का सफर वहीं खत्म हो गया था। बल्लेबाजी रैंकिंग की तरह गेंदबाजी में उतना बदलाव देखने को नहीं मिला है। गेंदबाजी में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टान शीर्ष पर बरकरार हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप में 14 विकेट अपने नाम किए हैं जबकि दूसरे नंबर पर आस्ट्रेलियाई गेंदबाज जेश जोनासेन हैं। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज शबनीम इस्माइल को एक स्थान का फायदा हुआ है। अब वे तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। आपको बता दें कि गेंदबाजी रैंकिंग में वनडे में ऐतिहासिक 250 विकेट पूरा करने वाली झूलन गोस्वामी को भी दो स्थानों का फायदा हुआ है और अब वे 5वें नंबर पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच में झूलन नहीं खेली थीं।

# अचानक आइपीएल छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूड में बीसीसीआइ और आइपीएल गर्वनिंग काउंसिल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के शुरू होने से कुछ दिन पहले जेसन राय और एलेक्स हेल्स जैसे बल्लेबाजों ने ये कहकर आइपीएल खेलने से मना कर दिया कि वो अपने परिवार को वक्त देना चाहते हैं। इसको लेकर फ्रेंचाइजी ने अपनी




चिंता जाहिर की थी। अब खबर ये आ रही है कि आगे ऐसा करना खिलाड.ियों के लिए भारी पड़ सकता है और इन खिलाडियों के खिलाफ बीसीसीआइ और आइपीएल गवर्निंग काउंसिल सख्त कदम उठा सकती है। पिछले हफ्ते हुए आइपीएल गवर्निंग काउंसिल के बैठक में बीसीसीआइ ने ऐसे विदेशी खिलाडियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर विचार कर रही है जो बिना किसी पर्याप्त कारण के आइपीएल छोड़ कर गए हैं। क्रिकबज वेबसाइट के अनुसार कुछ फ्रेचाइजी ने इसके लेकर अपनी चिंता जाहिर की थी। गवर्निंग काउंसिल फ्रेंचाइजी के प्रति इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि ऐसी कोई चीज न हो क्योंकि बहुत प्लानिंग के साथ फ्रेंचाइजी किसी खिलाड़ी को खरीदने की योजना बनाते हैं। हालांकि इसके लेकर कोई व्यापक नीति नहीं होगी कि किसी खिलाड़ी को कुछ सालों के लिए खेलने से रोक दिया जाए बल्कि ये उस स्थिति पर निर्भर करेगा कि खिलाड़ी ने किन परिस्थितियों में ये फैसला लिया है। कार्रवाई करने से पहले इसकी पूरी जानकारी ली जाएगी। यदि कारण उचित नहीं पाया गया तो कार्रवाई की जा सकती है। जेसन राय और हेल्स के अलावा मार्क वुड भी इंजरी के कारण पूरे आइपीएल सीजन से बाहर हो गए थे जिसके बाद लखनऊ का उनका रिप्लेसमेंट खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इससे पहले राय ने ट्विट कर अपने आइपीएल छोड़ने के बारे में बताया था। उन्होंने लिखा था कि पूरे साल की व्यस्तता के बाद वे अपने परिवार के साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताना चाहते हैं। आइपीएल गवर्निंग काउंसिल और बीसीसीआइ के बीच हुए बातचीत को लेकर लगता है कि आइपीएल के अगले सीजन में खिलाड.ियों के लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा जिससे फ्रेंचाइजी को समस्या का सामना न करना पड़े।

# कौन है भारतीय मूल की विनी रमन जिन्होंने आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को बनाया अपना जीवनसाथी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर के मीडिल आर्डर बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने 27 मार्च को तमिल रीति-रिवाज से अपनी दोस्त विनी रमन से शादी कर ली। चेनन्ई की रहने वाली विनी तमिल परिवार की हैं और दोनों पिछले चार साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। हालांकि दोनों ने कुछ दिन पहले आस्ट्रेलिया में ईसाई धर्म के तहत भी शादी की थी। लेकिन दोनों कर रही हैं। विनी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी फीलिंग बताई है। उन्होंने लिखा है कि शादी दो आत्माओं और उनके परिवारवालों का बंधन है। हमें अपने माता-पिताओं से बहुत प्यार और समर्थन मिला। हमलोग बिना उनके यहां नहीं होते। आपको बता दें कि आइपीएल के इस सीजन में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उन्हें 11 करोड़ की कीमत पर रिटेन किया था। हालांकि शादी और फिर



भारतीय रीति-रिवाज से भी शादी करना चाहते थे इसी कारण दोनों ने चेनन्ई में अपने खास रिश्तेदारों की उपस्थिति में शादी की। इस दौरान मैक्सवेल भारतीय परिधान में नजर आ रहे थे। शादी के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के ट्विटर हैंडल से मैक्सवेल को शुभकामनाएं दी गई है और लिखा गया है कि अब वे चेनन्ई के हो गए हैं। आपको बता दें कि विनी भारतीय मूल की हैं लेकिन उनका जन्म मेलबर्न में हुआ है और उन्होंने अपनी पढ़ाई भी आस्ट्रेलिया में ही की है। वर्तमान में वे फार्मासिस्ट के तौर पर प्रैक्टिस आइसोलेशन के चलते शुरुआत के कुछ मैच वो नहीं खेल पाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि आरसीबी के तीसरे मुकाबले तक वो टीम से जुड़ जाएंगे। मैक्सवेल का पिछला सीजन शानदार रहा था। फैंस को उम्मीद है कि वो इस सीजन में भी उसी प्रदर्शन को दोहराएंगे। आरसीबी का अगला मैच बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ होगा। यह मैच शाम 7.30 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में होगा जो बल्लेबाजों को मदद करती है।

# दिल्ली कैपिटल्स का आलराउंडर पाकिस्तान में हुआ इंजर्ड, इस सीजन में खेलने पर बना सस्पेंस

**लाहौर।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर मिचेल मार्श का इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे या नहीं इस पर सस्पेंस बन गया है। मार्श को हिप फ्लेक्सर चोट का सामना भी सस्पेंस बन गया है मिचेल मार्श के बारे में आस्ट्रेलिया वनडे टीम के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि वो रविवार को फील्डिंग का अभ्यास करने के दौरान चोटिल हो गए और अप्रैल को खेला जाएगा। 30 साल के मिचेल मार्श ने हाल के दिनों में आस्ट्रेलिया के लिए सिमित प्रारूप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और टी20 वर्ल्ड कप 2021 में उनका




करना पड़ा था और इसकी वजह से वो पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। मार्श को इस सीजन के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने 6.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ वनडे व टी20 सीरीज खत्म होने के बाद 6 अप्रैल को दिल्ली टीम के साथ जुड़ना था, लेकिन अब उनकी उपलब्धता उनकी इंजरी की कंडीशन पर निर्भर करेगी और इसकी वजह से उनके खेलने पर फिर उन्हें स्कैनिंग के लिए भेजा गया। अभ्यास के दौरान मार्श ने अपने हिप फ्लेक्सर को घायल कर लिया है। मुझे नहीं लगता है कि वो जैसा महसूस कर रहे थे उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध हो पाएंगे। आपको बता दें कि आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज मंगलवाल से शुरू हो जाएगी और इसके बाद दोनों देशों के बीच एकमात्र टी20 मुकाबला 5 प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। उन्होंने फाइनल मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 77 रन की पारी खेलकर आस्ट्रेलिया को पहला टी20 वर्ल्ड कप खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। पिछले साल, मार्श ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक 20 रन बनाने का आस्ट्रेलियाई रिकार्ड तोड़ दिया था और 627 रन बनाए थे। वैसे अगर मार्श ठीक होकर दिल्ली के साथ जुड़ते भी हैं तो तब तक वो काफी मुकाबले मिस कर चुके होंगे।

# आस्ट्रेलिया की बढ़ी मुश्किलें, कोरोना पाजिटिव होने के बाद स्पिन गेंदबाज एश्टन एगर हुए वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टी20 मैच से पहले आस्ट्रेलिया टीम को झटका लगा है। दरअसल उसके स्पिन गेंदबाज एश्टन एगर वनडी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। मंगलवार सुबह क्रिकेट आस्ट्रेलिया की तरफ से इस बात की पुष्टि की गई कि एगर कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। वे दूसरे आस्ट्रेलिया खिलाड़ी हैं जो कोरोना पाजिटिव हुए हैं। इससे पहले जोश इंग्लिस भी पाजिटिव पाए गए थे। टीम के फिजियो ब्रेंडन विल्सन भी कोरोना पाजिटिव पाए गए थे जबकि बाकी खिलाडियों की रिपोर्ट निगेटिव आइ है आपको बता दें कि आस्ट्रेलिया के आलराउंडर मिचेल मार्श पहले ही इंजरी के कारण वनडे सीरीज और आइपीएल से बाहर हो गए हैं। आस्ट्रेलिया पहले ही स्टीव स्मिथ के वापस जाने के बाद सीमित स्क्वाड के साथ पाकिस्तान में मौजूद है। टीम मंगलवार को होने वाले पहने वनडे मैच में दो स्पिनरों के साथ उतरने की योजना बनाई है। एडम जैम्पा के साथ स्मिथ के स्थान पर शामिल किए गए मिचेल स्वेपसन अपना डेब्यू करने वाले हैं। क्वींसलैंड के बल्लेबाज मैट रेनशा पहले ही लाहौर के लिए उड़ान भर चुके हैं। हालांकि वे तीन दिन के आइसोलेशन के बाद ही टीम से जुड़ पाएंगे। हालांकि एगर हालिया श्रीलंका टी20 सीरीज में टीम का हिस्सा थे। उन्होंने तीन मैचों में 3 विकेट लिए थे लेकिन उन्होंने जुलाई से वनडे मैच नहीं खेला है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे अप्रैल को खेला जाएगा। यह सीरीज पहले रावलपिंडी में प्रस्तावित था लेकिन दोनों बोर्डी की सहमति के बाद इसे ऐतिहासिक गद्दाफी स्टेडियम में शिफ्ट किया गया है। इससे पहले




मैचों की सीरीज और एकमात्र टी20 मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच 29 मार्च, 31 मार्च, 2 अप्रैल और टी20 5 आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज पर 1-0 से जीत दर्ज की थी। पहला और दूसरा टेस्ट मैच ड्रा रहा था।

# पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे, जानिए कब और कहां देखें मुकाबला

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया की टीम दो दशक के बाद पाकिस्तान के दौरे पर है। टेस्ट सीरीज के बाद अब दोनों टीमों के बीच वनडे मुकाबले खेले जाने है। तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 29 होने की वजह से ही कुछ खिलाड़ी भारत की टी20 लीग इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैचों का हिस्सा नहीं हैं। पाकिस्तान की टीम को आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से हराया। बदला चुकता करने की होगी। सीरीज के पहले मुकाबले से जुड़ी तमाम जानकारी यहां जान लेते हैं। सीरीज में कप्तानी अब आरोन फिंच के हाथों में होगी। टीम के सीरीज की शुरुआत से पहले आलराउंडर




मार्च मंगलवार को खेला जाएगा। पाकिस्तान में नेशनल ड्यूटी पर अब मेजबान का इरादा 3 वनडे और एक मात्र टी20 मैच में हार का मिचेल मार्श के रूप में झटका लग चुका है। कहां खेला जाएगा पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का पहला वनडे मुकाबला पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का पहला वनडे मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाना है। कितने बजे खेला जाएगा पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का पहला वनडे मुकाबला ? दोपहर 3.30 बजे खेला जाएगा पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का पहला वनडे मुकाबला।कितने बजे होगा पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज के पहले वनडे मुकाबले का टास मैच से आधा घंटे पहले दोपहर 3 बजे होगा पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज के पहले वनडे मुकाबले का टास। कहां देख सकते हैं पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का पहला वनडे मुकाबला लाइव पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच सीरीज के पहले वनडे मुकाबले सोनी नेटवर्क के सोनी सिक्स और सोनी सिक्स एचडी पर लाइव देखा जा सकता है। इसके अलावा दैनिक जागरण की वेबसाइट पर इस सीरीज से जुड़ी सारी खबरों को पढ़ा जा सकता है।

# राशिफल

**मेष-**:आप किसके साथ आर्थिक लेन-देन कर रहे हैं, इस बात से सावधान रहें। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ शाम के कार्यक्रम में शामिल हों।

**वृष-**:आज का दिन यात्रा में व्यतीत होगा. आपकी यात्रा ऑफिस के काम से जुड़ी हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से मुलाकात होगी।

**मिथुन-**:आज आपके विरोधी भी दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे. आज किसी पड़ोसी का व्यवहार आपको आहत कर सकता है। आप उसकी बातों को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं।

**कर्क-**:लंबी अवधि के मुनाफे की दृष्टि से शेयरों और म्यूचुअल फंड में निवेश फायदेमंद रहेगा। अपने फैसले बच्चों पर थोपना उन्हें गुस्सा दिला सकता है।

**सिंह-**:आज आपका दिन व्यस्तताओं से भरा कारोबारी मामलों में आप कुछ खास बदलाव कर सकते हैं, लेकिन बदलाव करने से पहले आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**कन्या-**:आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप इस समय का सदुपयोग अपने व्यापार को बढ़ाने में कर सकते हैं। प्रतियोगिता में बेहतर बने रहें।

**तुला-**:कुछ ऐसी घटनाएँ आपकी परेशानी का कारण बन सकती हैं, जिनसे बचना संभव नहीं है. लेकिन आप शांत रहें और स्थिति से निपटने के लिए तुरंत कोई प्रतिक्रिया न दें।

**वृश्चिक-**:आज आपके मन में नए विचार आएंगे. आने वाले कुछ दिनों में कोई बड़ा काम प्लान हो सकता है। साथ ही किसी खास काम के लिए सोचने और समझने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**धनु-**:आज का दिन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। परिवार के सदस्यों का सहयोग आपको मिल सकता है। काम की सफलता और नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मकर-**:गलतफहमियों के कारण आपके और आपके प्रिय के बीच कुछ अनबन हो सकती है. आपको याद रखना चाहिए कि प्यार के लिए भी गंभीरता की आवश्यकता होती है

**कुंभ-**:आज का दिन आपके लिए काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है. इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना की शुरुआत कर सकते हैं। जिसका लाभ उन्हें बाद में अवश्य मिलेगा।

**मीन-**:आज आप नौकरी में बहुत मेहनत करने वाले हैं. आप अपने काम को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आज आप कोई भी पहल करें या कोई नया कदम उठाए

## सम्पादकीय

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दूसरा कार्यकाल राजनीतिक प्रशासनिक और रणनीतिक रूप ज्यादा प्रभावी होगा............

योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश के 22वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेना कई मायनों में ऐतिहासिक है। पिछले करीब चार दशकों में योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करके फिर मुख्यमंत्री बने हों। उन्होंने दशकों पुराने 'नोएडा जाना मुख्यमंत्री पद के लिए मनहूस होता है' जैसे मिथक को भी तोड़ दिया है। उन्होंने प्रदेश में राजनीति का एक नया व्याकरण भी स्थापित किया है कि केवल जातीय समीकरण से नहीं, बल्कि अच्छी कानून एवं व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतार कर भी चुनाव जीते जा सकते हैं। यह स्पष्ट हो गया है कि योगी का दूसरा कार्यकाल राजनीतिक रूप से अधिक सशक्त, प्रशासनिक रूप से अधिक अनुभवी और रणनीतिक रूप ज्यादा प्रभावी होगा। विधानसभा चुनाव से पहले जब मैं योगी आदित्यनाथ को अपनी पुस्तक-'द मांक हू ट्रांसफार्म्ड उत्तर प्रदेश' देने गया तो उनसे कहा कि उनका वर्तमान कार्यकाल यूपी के लिए परिवर्तनकारी रहा है। साथ ही पूछा कि अगले कार्यकाल के लिए उनकी प्राथमिकता क्या होगी? उन्होंने जोर देकर कहा कि अगले कार्यकाल में वह प्रदेश को एक लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। यूपी में बहुत लंबे समय तक लचर और भ्रष्ट सरकारों का बोलबाला रहा है। उन्होंने यूपी को समृद्ध प्रदेश बनाने का संकल्प जताया। आश्चर्य नहीं हुआ जब पिछले हफ्ते मैंने सभी प्रमुख समाचार पत्रों में 'एक विज्ञापन' देखा, जो उत्तर प्रदेश को एक लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक अनुभवी एजेंसी का चयन करने के लिए था। इससे जाहिर होता है कि शपथ लेने से पहले ही एक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में वह यूपी को और समृद्ध बनाने में जुटे हुए थे। हम कह सकते हैं कि योगी आदित्यनाथ के इस कार्यकाल में उस सुशासन की निरंतरता दिखेगी, जिसे उत्तर प्रदेश के लोगों ने पिछले पांच वर्षों में देखा है, लेकिन वर्ष 2022 के योगी आदित्यनाथ वर्ष 2017 के योगी आदित्यनाथ से कई मायनों में अलग भी होंगे। वर्ष 2017 में जब योगी आदित्यनाथ ने 'पंचम तल' में प्रवेश किया तो उनके आलोचकों ने एक नेता और प्रशासक के रूप में उनमें तीन कमियों को इंगित किया। पहली कमी यह थी कि योगी आदित्यनाथ ने तब तक कभी भी प्रशासनिक भूमिका नहीं निभाई थी। वह केंद्र सरकार में कभी मंत्री भी नहीं रहे। उन्होंने राज्य की प्रशासनिक और नौकरशाही मशीनरी को भी पहले कभी नहीं चलाया था। आलोचकों के अनुसार दूसरी कमी यह थी कि योगी आदित्यनाथ पिछले 19 वर्षों में एक सांसद के रूप में गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश तक ही सीमित थे। आलोचकों द्वारा व्यक्त की गई तीसरी कमी यह थी कि योगी आदित्यनाथ ने कभी भी पार्टी संगठन में कोई भूमिका नहीं निभाई। इसलिए भाजपा के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनका जुड़ाव बहुत मजबूत नहीं है। अपने पहले कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने इन कमियों को दूर करने के लिए डटकर काम किया। उन्होंने 18 से 20 घंटे तक काम किया, फाइलों को कवर से कवर तक पढ की आदत डाली, यूपी के सभी 75 जिलों का दौरा किया। यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा अपशकुन कहे जाने वाले नोएडा में भी कई बार गए। यूपी के हर हिस्से की जमीनी हकीकत को समझा। विभिनन्न मामलों में खुद को प्रशिक्षित करने के लिए कई आइएएस अधिकारियों, कानूनी विशेषज्ञों, सलाहकारों के साथ लंबे समय तक बैठे। इस प्रकार योगी आदित्यनाथ ने अपनी कथित कमियों को दूर करने के लिए कठिन परिश्रम किया और पिछले पांच वर्षों में विजेता बनकर उभरे। साफ है योगी अपने दूसरे कार्यकाल में कहीं अधिक मुखर नेता होंगे, जिसके पीछे बड़ी चुनावी जीत खड़ी है। 'गुजरात माडल' के बाद अब 'यूपी माडल' भाजपा शासित राज्यों के लिए अनुकरणीय हो गया है। योगी के शासन के विभिनन्न पहलुओं को विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, नीति आयोग और कई अन्य राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से प्रशंसा मिली है। वर्ष 2022 के चुनाव अभियान के दौरान योगी आदित्यनाथ को यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के एक अन्य स्टार मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह से दुर्लभ प्रशंसा मिली। राजवीर सिंह ने उल्लेख किया कि योगी आदित्यनाथ उनके पिता से भी बेहतर मुख्यमंत्री साबित हुए है और राजनाथ सिंह ने भी योगी को खुद से बेहतर मुख्यमंत्री बताया।

# राष्ट्रीय एकता के भाव को मजबूती प्रदान करेगी समान नागरिक संहिता

देश में सभी समुदायों के लिए तलाक, विवाह की आयु, उत्तराधिकार, गुजारा भत्ता जैसे मामलों पर एक समान नियमों की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तैयारी से समान नागरिक संहिता का विषय फिर सतह पर आ गया है। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता निर्माण के लिए समिति के गठन की घोषणा से भी राजनीतिक हलचल और इस मसले पर विमर्श बढ़ा है। यह बढ?ा भी चाहिए, क्योंकि ऐसी संहिता का निर्माण समय की मांग है। ध्यान रहे कि कई मौकों पर विभिन्न उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता के निर्माण की जरूरत जता चुके हैं। एक अन्य तथ्य यह भी है कि गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है। हमारे संविधान निर्माताओं ने समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर लंबी बहस की थी, लेकिन कोई एक राय न बन पाने के कारण इस विषय को नीति निर्देशक तत्वों में इस अपेक्षा के साथ शामिल किया गया कि राज्य यानी भारतीय शासन इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। इस दिशा में आगे बढ? के बजाय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 1955 में हिंदू कोड बिल लेकर आ गए। इसके तहत हिंदुओं, सिखों, बौद्धों के विवाह, उत्तराधिकार संबंधी रीति-रिवाजों को संहिताबद्ध किया गया। हालांकि अनेक हिंदू संगठनों और नेताओं की ओर से यह कहा गया कि इससे संयुक्त हिंदू परिवार टूट जाएंगे और महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देना संभव नहीं, लेकिन नेहरू अपने इरादे से डिगे नहीं। दुर्भाग्य से नेहरू ऐसा कोई साहस समान नागरिक संहिता को लेकर नहीं दिखा सके। इसका मूल कारण रहा अल्पसंख्यकों और



खासकर मुस्लिम समुदाय का तुष्टीकरण। धीरे-धीरे कांग्रेस के साथ अन्य दल भी इस दुष्प्रचार में जुट गए कि समान नागरिक संहिता का निर्माण विभिनन्न समुदायों के रीति-रिवाजों में अनावश्यक हस्तक्षेप होगा। कुछ तो यह कुतर्क करने लगे कि इससे अल्पसंख्यकों को मिले संविधान प्रदत्त अधिकारों का हनन होगा। ऐसे कुतर्क देने वाले यह भूल जाते हैं कि जिस संविधान की दुहाई देकर यह कहा जाता है कि कानून की नजर में सब बराबर हैं, उसी संविधान में समान नागरिक संहिता के निर्माण की अपेक्षा व्यक्त की गई है। यदि समान नागरिक संहिता के निर्माण का सपना अधूरा है तो इसके लिए वोट बैंक की वह सस्ती राजनीति भी जिम्मेदार है, जिसकी आड़ में मुस्लिम समुदाय को डराया जाता है। यह राजनीति यह देखने से इन्कार करती है कि हिंदू कोड बिल ने किस तरह हिंदू समाज में कई कुरीतियों को खत्म करने और महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने का काम किया। इससे इन्कार नहीं कि देश के कुछ हिस्सों और विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों के लोग सामाजिक सुधारों को पूरी तरह अपना नहीं सके हैं, लेकिन समय के साथ बदलाव आ रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि तलाक, विवाह की आयु, उत्तराधिकार, विरासत आदि मामलों में सभी समुदायों को एक समान नियमों के दायरे में लाया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो देश में सामाजिक विकास के अलग-अलग स्वरूप दिखाई देते रहेंगे। इसलिए और भी, क्योंकि कुछ समुदाय अपने अलग स्वरूप को बनाए रखने पर जरूरत से ज्यादा जोर देते हैं। इसका ताजा उदाहरण है हिजाब विवाद। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने साफ तौर पर यह कहा है कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं, फिर भी कई मुस्लिम संगठन इस फैसले को स्वीकार करने को तैयार नहीं। कई राजनीतिक दल ऐसे संगठनों का साथ देकर मुस्लिम समाज को इस मानसिकता से ग्रस्त करने का ही काम कर रहे हैं कि उनके लिए शरीयत आधारित विशेष नियम होने चाहिए। इसी शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का समर्थन और लड़कियों की विवाह योग्य आयु बढ़ाने की पहल का विरोध किया गया। शरीयत के नाम पर ही चार शादियों, हलाला आदि का बचाव किया जाता है। यह तो अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को खत्म कर और मोदी सरकार ने उस पर कानून बनाकर मुस्लिम समाज की महिलाओं को एक बड़ी राहत दी, अन्यथा यह कुप्रथा भी जारी रहती। आखिर भारत का मुस्लिम समाज इसकी अनदेखी क्यों करता है कि लाखों मुसलमान अमेरिका, कनाडा समेत यूरोप के देशों में खुशी-खुशी रहते हैं, जहां समान नागरिक संहिता लागू है? इनमें भारतीय मुस्लिम भी हैं। इसके बाद भी जब भारत में समान नागरिक संहिता की बात होती है तो वे विरोध में खड़े हो जाते हैं। ऐसा करके वे यही संदेश देते है कि वे अन्य समुदायों से अलग हैं। अपने ऐसे आचरण से वे खुद को राष्ट्र की मुख्यधारा से अलग करने का ही काम करते हैं। राष्ट्रीय एकता के भाव को बल देने के लिए यह आवश्यक है कि सभी समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने संबंधी कानून एक जैसे हों। कोई भी देश अलग-अलग समाजों का एक समूह होता है। अगर ये समूह अलग-अलग नियमों से संचालित होंगे तो न उनमें एकता का भाव स्थापित होगा और न ही वे देश को मजबूत बनाने का काम कर सकेंगे। जैसे सभी समुदायों के लिए एक समान आपराधिक कानून किसी देश की मजबूती का प्रतिबिंब होते हैं, वैसे ही समान नागरिक संहिता भी उसके एकता भाव की कसौटी होती है। समाज का राष्ट्र के प्रति जो उत्तरदायित्व होता है, उसकी पूर्ति में अलग-अलग समुदायों के पर्सनल ला बाधक ही बनते हैं। विकसित और कई विकासशील देशों में हर समुदाय के लिए एक जैसे कानून हैं और उनसे किसी को कोई समस्या नहीं।यह आश्चर्य की बात है कि कई मुस्लिम देशों ने जिन सुधारों को अपना लिया है, उनके प्रति भी अपने देश के मुस्लिम समाज में अनिच्छा का भाव दिखता है। खुद को सेक्युलर बताने वाले कई राजनीतिक दल इस अनिच्छा को हवा देने का काम करते हैं। समान नागरिक संहिता एक देश-एक कानून की अवधारणा को साकार करने वाली व्यवस्था है। राजनीतिक वर्ग के साथ विभिनन्न समुदायों को भी यह समझना होगा कि समय के साथ आगे बढे की आवश्यकता होती है। समान नागरिक संहिता के जरिये इस आवश्यकता की पूर्ति कर राष्ट्रीय एकता के भाव को बल दिया जाना चाहिए।

## नवरात्रि पर कोरोना को लेकर जारी हुई गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** आगामी 2 अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को लेकर राजधानी दिल्ली के मंदिरों में तैयारियां जोरों से चल रही हैं। रंग रोगन का काम हो चुका है और अब लाइटिंग से लेकर फूलों से सजाने का काम 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। कोरोना का संक्रमण काफी कम हो चुका है, जिससे इस बार मंदिर प्रबंधन समितियों से लेकर भक्तों में काफी उत्साह हैं। करोल बाग के झंडेवाला देवी मंदिर से लेकर चांदनी चौक के गौरी शंकर मंदिर समेत अन्य मंदिरों में इसको लेकर जागरण की चौकी और भंडारे के आयोजन की तैयारियां भी चल रही हैं। इसके लिए कालोनियों में पूजा समितियां इसकी तैयारी में जुटी हैं। इस बाबत करोल बाग स्थित झंडेवाला देवी मंदिर के पुजारी अंबिका प्रसाद पंत ने कहा कि चूंकि इस बार सभी चीजें समान्य हो गई हैं। साथ ही कोरोना को लेकर जारी दिशा-निर्देशों में भी ढील दी गई है। इसे देखते हुए इस बार मंदिर में नवरात्र को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल हम मास्क और शारीरिक दूरी के नियम का पालन भक्तों से कराएंगे। किंतु अभी तक प्रसाद चढ़ाने की जो अनुमति बीते नवरात्र में नहीं थी, इस बार हम यह अनुमति श्रद्धालुओं को देने जा रहे हैं। बुधवार से दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्रों से ज्योत लेने वाले भक्त आने लगेंगे। ऐसे में उनके लिए हम तैयार हैं।

# निर्यात के क्षेत्र में भारत की एक नई बड़ी उपलब्धि, पढ़े एक्सपर्ट व्यू

भारत ने इस वित्त वर्ष यानी 2021-22 के दौरान 31 मार्च तक 400 अरब अमेरिकी डालर के मूल्य के माल के निर्यात का लक्ष्य रखा था, जिसे नौ दिन पूर्व ही पूरा कर लिया। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान यह आंकड़ा 292 अरब अमेरिकी डालर का था। जाहिर है कि निर्यात के क्षेत्र में यह भारत की एक बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में निश्चित ही एक मील का पत्थर साबित होगी। गर्व की बात है कि यह उपलब्धि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन जंग के बीच हासिल हुई है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, छोटे-बड़े उद्यमियों और निर्यातकों को बधाई दी है। प्रमुख निर्यातक सामानों में पेट्रोलियम, इलेक्ट्रानिक्स, चमड़ा, काफी, प्लास्टिक, मांस, डेयरी, समुद्री और तंबाकू उत्पाद शामिल हैं। किसी भी देश का विकास उस देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर निर्भर करता है। वहीं किसी देश का निर्यात जितना अधिक होता है, उसकी अर्थव्यवस्था का विकास भी उतना ही अधिक होता है। दुनिया के बहुत से देश मजबूत निर्यात के बल पर ही अपने विकास को गति दे पाए हैं। यही सोच भारत के लिए भी सही साबित हो रही है कि अगर हम निर्यात को गति देंगे तो इससे हमारे देश में विभिन्न उद्योग धंधे स्थापित होंगे और विभिन्न वस्तुओं के निर्माण में तेजी आएगी। इससे देश के व्यापार में वृद्धि होगी। देश में रोजगार बढ़ेगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरियां मिलेंगी। अंततः देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इससे देश आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। इसीलिए निर्यात की जब भी बात की जाती है तो उसके आंकड़ों पर सबकी नजरें रहती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय विश्व की स्थितियां बदल रही हैं। रूस पर कई प्रतिबंध लगने तथा रूस के पश्चिमी देशों से संबंध खराब होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव आ रहे हैं। इन परिस्थितियों में भारत अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए अपने दृढ़ संकल्प और प्रतिभा के साथ आगे बढ़ रहा है। निर्यात में आए इस भारी उछाल के पीछे मोदी सरकार की कुशल रणनीति काम कर रही है। इसमें राज्य और जिला, दोनों स्तरों पर निर्यात योग्य उत्पादों और वस्तुओं को शामिल किया जा रहा है। कैसे उनके निर्यात को बढ़ाया जाए, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।लक्ष्य के अनुरूप नीतियां बनाई जा रही हैं तथा योजनाओं को समय पर लागू किया जा रहा है। निर्यातकों को उचित वित्त पोषण, बीमा, ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सभी हितधारकों अर्थात जिला इकाई, राज्य एवं केंद्रीय सरकारों, मंत्रलयों, उद्यमियों, निर्यातक समुदायों तथा विदेश स्थित हमारे मिशनों के बीच प्रभावी तथा कुशल समन्वय पर जोर दिया जा रहा है, जिससे निर्यात लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संबंधित विभागों के बीच सूचनाओं का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके।



# द कश्मीर फाइल्स : धर्मांधता ने बदली कश्मीर की संस्कृति, हिंदुओं के पलायन का लंबा इतिहास

कश्मीरी पंडितों को नुकसान हुआ, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। कश्मीरी पंडित मारे गए, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। कश्मीरी पंडित तबाह बर्बाद हो गए इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। मैं तकरीबन तकरीबन जब भी जब भी कश्मीर पर चर्चा हुई है पालियामेंट के अंदर मैंने कहा कश्मीरी पंडितों के बगैर कश्मीर अधूरा है। क्योंकि ओरिजनल कश्मीरी जितने मुसलमान हैं वो सब कंवर्ट हो गए हैं कश्मीरी पंडितों से। मैंने कहा कि 600 साल पहले मेरे बुजुर्ग भी कश्मीरी पंडित थे। मैंने पार्लियामेंट में भी कहा। कइयों को शर्म आती है, नहीं आती है लेकिन इतिहास जो है वो तो ठीक कहना चाहिए। मेरे ख्याल में सभी, एकाध लीडर को छोड़कर जो बाहर से आए, सभी लीडरों के या सभी पार्टी के लीडरों के छह सौ साढे छह सौ साल पहले कश्मीरी पंडित थे। तो खून एक है कश्मीरियों का उसको जुदा कैसे कर सकते हैं। ये कहना है कांग्रेस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद का। वो विवेक अगिन्होत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इसके आगे भी उन्होंने फिल्म में सत्य और अर्धसत्य की बातें की। फिल्म में दिखाई बातों को लेकर अलग-अलग राय आती रहेगी लेकिन इतना तो माना ही जाना चाहिए कि विवेक अगिन्होत्री ने अपनी इस फिल्म के जरिए कश्मीर और वहां के भुला दिए गए इतिहास को एक बार फिर से विमर्श के केंद्र में ला दिया है। गुलाम नबी आजाद जो बात कह रहे हैं वो बेहद महत्वपूर्ण है और इस पर एक देशव्यापी विमर्श होना चाहिए। गुलाम नबी आजाद के मुतिबक कश्मीर की आबादी पहले हिंदू थी जो बाद में इस्लाम स्वीकार करके मुसलमान बन गई। आजाद के इस बयान को दो हिस्से में बांट कर देखा जाना चाहिए। पहला ये कि कश्मीर की अधिसंख्यक आबादी पहले हिंदू थी और दूसरी ये कि बाद में उन्होंने अपना धर्म बदल दिया और वो मुसलमान हो गए। ऐसा नहीं है कि आजाद ने कोई नई बात कही है या कोई नया अन्वेषण कर खुलासा किया है। आजाद ने जिस बात को स्वीकार किया है जो हमारे पौराणिक ग्रंथों में तो है ही कई आधुनिक इतिहासकार और लेखक भी इस बात को लगातार कह रहे हैं। ये अवश्य है कि इन ऐतिहासिक तथ्यों को प्रचारित नहीं किया गया। पाठ्य पुस्तकों में छात्रों को इस बात को पढाया नहीं गया। ये विषय सेमिनारों में विमर्श का विषय नहीं बन पाए। उल्टे कश्मीर के बारे में जो बताया जाता रहा है वो अर्धसत्य रहा है। अभी हाल ही में कुमार निर्मलेन्दु की कश्मीर पर एक पुस्तक आई है जिसका नाम है 'कश्मीर इतिहास और परंपरा'। इस पुस्तक में लेखक ने बेहद स्पष्ट तरीके से सप्रमाण ये बताया है कि कश्मीरी हिंदूओं को कैसे मुसलमान बनाया गया। निर्मलेन्दु ने लिखा है कि '1939 ई. तक कश्मीर एक स्वशासित हिंदू राज्य था। परन्तु मध्यकालीन हिंदू शासकों की दुर्बलता और उनके सामंतों के षडयंत्रों के कारण वहां अराजकता का वातावरण पैदा हो गया। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए 1339 में शाहमीर नाम के एक मुसलमान ने कश्मीर के राजसिंहासन पर कब्जा कर लिया।' शाहमीर के पूर्वज काम की तलाश में कश्मीरआए थे । शाहमीर को राजा उदयन देव के समय में राजदरबार में नौकरी मिली थी। राजा उदयन देव के निधन के बाद उनकी पतनी कोटा देवी के सत्ता की बागडोर संभालने का जिक्र इतिहास की पुस्तकों में मिलता है। उस समय तक शाहमीर राज दरबार में प्रमुख पद पर पहुंच चुका था उसने वहां की सेना में भी अपनी पैठ बना ली थी और एक दिन उसने रानी कोटा को चुनौती दी। रानी कोटा ने उसके साथ युद्ध किया लेकिन शाहमीर ने उनको हराकर बंदी बना लिया और खुद को कश्मीर का राजा घोषित कर दिया। निर्मलेन्दु लिखते हैं कि, 'शाहमीर द्वारा प्रवर्तित राजवंश का छठा सुल्तान सिकंदर बहुत ही अत्याचारी और धर्मान्ध था। उसके अत्याचारों ने अधिकांश हिंदू जनता को मुसलमान बनने को विवश कर दिया। अनेक हिंदू कश्मीर छोड़कर चले गए और जो रह गए उनपर जजिया कर लगाया गया। तत्कालीन कश्मीरी हिंदुओं का जीवन बहुत कष्टप्रद रहा। मंदिरों और मूतिर्यों का वह ऐसा शत्रु था कि उसका नाम ही बुतशिकन (मूर्तिभंजक) पड़ गया था।ष्ठ उसने परिहासपुर के विशाल मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। जैन राजतरंगिणी में भी इस बात का जिक्र मिलता है कि कट्टर मुसलमानों से प्रेरित होकर सुल्तान सिकंदर ने सभी संस्कृत ग्रंथों को जलाकर भस्म कर दिया था। उस समय मुसलमानों के उपद्रव से आतंकित होकर धर्मपरायण हिंदू अपने पवित्र ग्रंथों को लेकर कश्मीर से पलायन कर गए थे।' ऐसा नहीं है कि कश्मीर की सामाजिक और सांस्कृतिक स्थितियों में बदलाव का उल्लेख सिर्फ निर्मलेन्दु की पुस्तक में मिलता है। इस तरह की बातों का उल्लेख कल्हण की राजतरंगिणी, जैन राजतरंगिणी से लेकर विदेशी यात्रियों के लेखन में भी उपलब्ध है। जैन और बौद्ध साहित्य में भी कश्मीर और वहां बदल रही सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों और उसके बदले जाने का उल्लेख मिलता है। कालांतर में जब कश्मीर को अकबर ने अपने साम्राज्य का हिस्सा बना लिया तो उसके बाद से ही वहां योजनाबद्ध तरीके से वहां के समाज और संस्कृति को इस्लामिक संस्कृति से जोड़ने का अिड्यान आरंभ हुआ। ये अकारण नहीं है कि जो कश्मीर वैदिक धर्म का प्रमुख स्थान था। जहां शारदा पीठ जैसा विद्या अध्ययन का प्रमुख केंद्र था जहां देशभर के विद्वान जुटते थे और अपनी रचनाओं पर विमर्श करते थे। जिनकी अपनी की लिपि थी। जिसको शारदा लिपि के नाम से जानते हैं। कई दुर्लभ पांडुलिपियां शारदा लिपि में में हैं। अब के जम्मू कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश में मौजूद कई शिलालेखों पर शारदा लिपि में ही संदेश उकेरा हुआ मिलता है। कश्मीर एक ऐसा भौगोलिक प्रदेश रहा है जहां की धरती पर एक से एक विद्वान पैदा हुए जिन्होंने अपनी रचनाओं से भारतीय सनातन संस्कृति को समृद्ध किया। अभिनवगुप्त, भामह और मम्मट जैसे उच्च कोटि के लेखकों का नाम लिया जा सकता है। यह सूची बहुत लंबी है। जहां से शंकराचार्य का गहरा नाता रहा है। जहां शैव, वैष्णव दर्शन को मजबूती मिली, जहां कई भव्य और दिव्य मंदिर थे। वहां से जब हिंदुओं का पलायन होता है तो उसपर बहस तो होनी ही चाहिए। उन बातों की पड़ताल और उसका प्रचार भी होना चाहिए कि किन परिस्थितियों में कश्मीर जैसे ज्ञान का केंद्र, सनातन धर्म का प्रमुख केंद्र आज आतंकवाद और विवाद से घिर गया है। विवेक अगिन्होत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को फिल्म और उसकी सफलता, दो सौ करोड़ से अधिक की कमाई आदि के प्रिज्म से नहीं देखकर उसको इस तरह से देखा जाना चाहिए कि इस फिल्म ने इतिहास के एक विस्मृत पनन्े को पढ़ने की उत्सुकता जगा दी है। क्या देश के हिंदुओं को ये जानने का अधिकार नहीं है कि उसका इतिहास क्या रहा है, क्या उनको ये जानने का अधिकार नहीं है कि वैदिक धर्म की ज्ञान परंपरा कैसी रही है, क्या उनको ये जानने का अधिकार नहीं है कि किन लोगों और परिस्थियों ने हिंदुओं की इस समृद्ध विरासत को पूरी तरह से बदल दिया। फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' ने तो एक कालखंड में कश्मीर से हिंदुओं के पलायन और नरसंहार को दिखाकर एक शुरुआत की है। क्या अब वक्त नहीं आ गया है कि शाहमीर के दौर में हिंदुओं पर हुए अत्याचार को सामने लाया जाय, उस समय हिंदुओं के पलायन पर बात हो। आजादी पूर्व शेख अब्दुल्ला के कार्यों को लेकर नए सिरे से तथ्यों की खोजबीन की जाए। क्योंकि अगर हम इतिहास के साथ छल करते हैं तो देश का अहित करते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार बोर्ड कल जारी कर सकता है मैट्रिक का रिजल्ट, यहां पाइए लेटेस्ट जानकारी

**पटना।** बिहार बोर्ड गुरुवार को 10वीं (10) या मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर सकता है। बोर्ड रिजल्ट अपनी ऑफिशियल वेबसाइट्स ् पर जारी करेगा। रिजल्ट एसएमएस के माध्यम से भी जाना जा सकता है। परीक्षार्थी सबसे पहले रिजल्ट जानने के लिए नीचे दिए लिंक पर क्लिक कर जागरण जोश की वेबसाइट पर भी रजिस्टर कर सकते हैं। 02:30 बिहार बोर्ड कई सालों से लगातार देश में सबसे पहले 10वीं का रिजल्ट जारी करता रहा है। बोर्ड ने पिछले साल पांच अप्रैल को 10वीं का रिजल्ट जारी किया था। बोर्ड इस साल भी सबसे पहले रिजल्ट जारी कर नया रिकार्ड बनाने जा रहा है।02:00 बिहार बोर्ड का मैट्रिक रिजल्ट जारी होने के बाद बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर ट्रैफिक अचानक बढ़ जाएगा। इस कारण उसके क्रैश होने की आशंका रहेगी। परीक्षार्थी सरकारी रिजल्ट की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। संभव है कि डिजिलॉकर पर भी रिजल्ट अपलोड कर दिया जाए। बोर्ड रिजल्ट के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर सकता है।01:50 बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट गुरुवार दोपहर 12 बजे के बाद जारी हो सकता है। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी रिजल्ट जारी करेंगे। इस अवसर पर बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार उपस्थित रहेंगे।

### क्या बढ़ रहा है चौथी लहर का खतरा

**नई दिल्ली।** डिजिटल डेस्क। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले रोजाना 100 से भी कम आ रहे हैं, वहीं मौतों का आंकड़ा भी नहीं के बराबर है। इस बीच चीन के अलावा अन्य कई देशों में भी कोरोना के नए वैरिएंट के बढ़ते बेतहाशा मामलों ने भारत की चिंता भी बढ़ा दी है। ऐसे में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बृहस्पतिवार को अहम बैठक होगी। इसमें राष्ट्रीय राजधानी में टीकाकरण को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर चर्चा की जा सकती है।

# समदड़िया गोल्ड के उद्घाटन में आए महंत ने किशोरी से किया दुष्कर्म रीवा राजनिवास में दिया घटना को अंजाम मौके से फरार, पुलिस कर रही तलाश

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**रीवा।** जिले में इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। शहर के समदड़िया मॉल का सुभारम्भ में कथा करने आये महंत ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। यह वारदात भी रीवा के सबसे पोस इलाके राजनिवास सिविल लाइन में हुई है। घटना के बाद से महंत फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। महंत के चेले सहित एक अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महंत का चेला ही उसे नाबालिक को महंत तक ले के आया था। जी हां यह अब तक कि सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमे एक महंत ने किशोरी के साथ बारदात को अंजाम दिया है। क्या है मामला जानकारी के मुताबिक समदड़िया माल के उद्घाटन में कथा करने आये महंत समर्थ त्रिपाठी उर्फ सीताराम महाराज ने दुष्कर्म वारदात को अंजाम दिया है। बताया गया कि जिले विनोद पांडेय नाम के युवक ने किसी 15 वर्षीय किशोरी को सतना से बुलवाया था। जब वह रीवा आ गई तो वह उसे राजनिवास के समीप बुलवाया और अपने साथी को भेज उसे राजिनिवास बुलाया। जब किशोरी




आई तो उसे राजनिवास के रूम नंबर 4 में बुलाया गया जहा विनोद सहित अन्य ने बैठकर बात की कुछ देर में महंत सीताराम और उसका चेला भी आये जिनसे किशोरी का परिचय कराया गया और कुछ ही देर में वहा शराब खोरी होने लगी जिसमें किशोरी को भी शराब पिलाने का प्रयाश किया गया। जब किशोरी ने मना किया तो बाकी लोंग कमरे से बाहर चले गए और महंत और किशोरी बस कमरे में रह गई। जब वह निकले तो दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और महंत ने भी कमर बन्द कर लाइट बन्द कर दी। पहले तो महंत किशोरी को मनाया जब वह नही मानी तो उसका मुह दबाकर जबरन दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद किशोरी के फोन से उसने कॉल किया और विनोद को बुलाया और उसे बाहर छोड़ा गया। परिचित मिले तो बची किशोरी बताया गया कि विनोद पांडेय का जो साथी किशोरी को छोड़ने गया था जब उसने किशोरी को गाड़ी से उतारा तो किशोरी के जान पहचान के लोंग मिल गए वह उनके पास भागी गई, यह देख युवक वहाँ से भाग निकला। किशोरी ने परिचितों को बताया फिर महिला पुलिस अधिकारी से पूरी हकीकत बया की। जिसके बाद जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विनोद पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। महंत की तलाश पुलिस कर रही है ।

# मुख्यकार्यपालक अधिकारी के आश्वासन के पश्चात धरना समाप्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण के विरुद्ध सीलिंग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। मंच संचालन चैयरमेन धर्मपाल गोयल ने किया। सीलिंग के संदर्भ मे अपनी मांगों को लेकर जनता शेड्स इंटरप्रिन्योर वेलफ़ेयर सोसायटी एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल एनसीआर सुझाव दिया कि नोएडा ऑथिरिटी के पास वाणिजियक गतिविधि के लिए पर्याप्त भूखंड एवं निर्मित दुकाने उपलब्ध हैं उन्होंने व्यापार मंडल अध्यक्ष को सुझाव दिया अगर व्यापारी इन भूखंडों का उपयोग करना चाहते हैं तो वह एक वाणिजियक भूखंड/ निर्मित भूखंड योजना प्राधिकरण के नियमों तहत ला सकती हैं। इस योजना के हेतु उन्होंने व्यापारियों के सुझाव मांगे इस पर बोलते हुये सुनील गुप्ता ने धरना स्थल पर बैठे सभी व्यापारियों को विस्तृत जानकारी दी । स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा, स्थानीय विधायक पंकज सिंह, मुख्यकार्यपालक अधिकारी ऋतुमहेश्वरी, प्रदेश के नवनियुक्त औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) को धन्यवाद दिया । व्यापार मंडल के एनसीआर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने धरना स्थल पर धरने की समाप्ति की घोषणा की एवं समस्त व्यापारियों से आग्रह किया कि वह




अध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में रविश दीक्षित, धर्मपाल गोयल, मुनन लाल गर्ग एवं राजीव गोयल मुख्यकार्यपालक अधिकारी ऋतुमहेश्वरी से मिला ओर सेक्टर 9 की सीलिंग के संदर्भ में विस्तार से चर्चा करी। व्यापारियों के पक्ष रखते हुए सुनील गुप्ता ने कार्यपालक महोदया से निवेदन किया कि सेक्टर 9 का विवाद काफी लंबे समय से प्रदेश सरकार एवं प्राधिकरण के समक्ष लंबित है इसके निस्तारण होने तक कोई भी कार्यवाही व्यापारियों के विरूद्ध ना की जाये। उन्होंने कार्यपालक अधिकारी से निवेदन किया इस जटिल समस्या के समाधान हेतु आप एक वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी होने के नाते कोई ऐसा रास्ता निकालें जिसमे कानून का भी पालन हो तथा व्यापारी एवं उसका कारोबार भी ना उजड़े इस प्रस्ताव पर विचार करते हुए मुख्यकार्यपालक अधिकारी ने इस योजना का स्वागत किया एवं कहा वह इस योजना को व्यापारियों के सम्मुख रखेंगे एवं एक विस्तृत योजना बनाकर प्राधिकरण के सम्मुख रखेंगे। उन्होंने ने मुख्यकार्यपालक अधिकारी से निवेदन किया जब तक यह योजना अमल में लाई जाए तब तक प्राधिकरण सीलिंग एवं आगामी नोटिस व्यापारियों का ना भिजवाए इस पर मुख्यकार्यपालक अधिकारी के सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल के आग्रह पर जिस सम्पति पर सीलिंग की प्रक्रिया चल रही थी उसे 15 अप्रेल तक का समय दिया जिससे इस समय सीमा के दौरान उस व्यापारी को निर्देश दिये गये कि वह आपत्तिजनक गतिविधियों को दूर करते हुए प्राधिकरण के नियमानुसार इस संपत्ति को पुनः बहाल करवा सकते हैं । प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यकार्यपालक अधिकारी ऋतुमहेश्वरी को धन्यवाद दिया एवं प्राधिकरण द्वारा सुझाये गये समाधानों पर गहन चिंतन करें। तत्पश्चात वरिष्ठ व्यापारी नेता धर्मपाल गोयल, जनता शेड्स अध्यक्ष रवीश दीक्षित, मसचिव सतनारायण गोयल, महामन्त्री सुधीर पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किये एवं सभी संबंधित राजनेताओं, अधिकरियों एवं समस्त व्यापारियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नरेश बंसल, गोविंद अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, राधाकृष्ण गर्ग,वेदप्रकाश गोयल, जय प्रकाश गर्ग, मुनन गर्ग, सुनील अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, राधा किशन गर्ग, विनय गुलाटी, अनुराग सूद, गौरव गोयल, मनोज कौशिक, पवन खुराना, चन्द्रप्रकाश गौड़, मुकेश गर्ग, राकेश अग्रवाल, रविन्द्र शर्मा, अमित कथूरिया, अशोक गुप्ता , राजीव गोयल, राहुल भाटिया, सुभाष चोपड़ा, शकील अहमद, सहित सेकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

# अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर कश्मीरी हिंदुओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर में जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास के बाहर जुटे प्रदर्शनकारी पुलिस बैरिकेड तोड़कर मुख्यमंत्री आवास के गेट तक पहुंच गए। गेट के बाहर लगे बैरियर के साथ ही सीसीटीवी कैमरे को नुकसान पहुंचाया। वहीं, गेट पर प्रदर्शनकारियों ने नारंगी पेंट करने की भी कोशिश की। इस बीच मौके पर मौजूद पुलिस ने तेजस्वी सूर्या सहित कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। इससे पहले खबर आई थी कि कुछ असामाजिक तत्वों ने केजरीवाल के आवास पर बुधवार को हमला कर दिया। इन असामाजिक तत्वों ने उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी बैरियर तोड़ दिए। इसके अलावा इन लोगों ने उनके आवास के बाहर लगे बूम बैरियर भी तोड़ दिए हैं। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने अपने इंटरनेट मीडिया एकाउंट ट्विटर पर ये जानकारी साझा की। इसके बाद पार्टी के अन्य नेताओं ने भी उनके ट्वीट को रिट्वीट किया। उधर इस मामले में डीसीपी उत्तरी जिला सागर सिंह कलसी ने बताया कि बीजेपी युवा मोर्चा का विरोध प्रदर्शन चल रहा था, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने बवाल मचाया, सीसीटीवी पर भी हमला किया, सीएम आवास के बाहर पेंट (रंग) भी फेंका।

# भारत बचाओ संविधान बचाओ आन्दोलन पूरे देश मे चयायेगे-संजय गुर्जर

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर 29 मीडिया क्लब मे आज एक प्रेसवार्ता करते हुए भारत बचाओ संविधान बचाओ आन्दोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुर्जर ने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही आजादी की लडाई लडी और अग्रेंजो से मुकाबला किया । लेकिन वर्तमान में भारत दो हिस्सों मे बंट गया है। पहला भारत और दूसरा पूजीवादी भारत। इन दोनो भारत को बचाने की आवश्यकता आ गयी है। आज तमाम राजनीतिक पाटिर्यां जनता को गुमराह करके सत्ता मे काबिज रहना चाहते है ।चाहे जनता को इसकी कुछ भी कीमत चुकानी पडे। भारतीय जन जागृति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत बचाओ संविधान बचाओ आन्दोलन के संरक्षक संत युवराज ने कहा कि 31 मार्च से हम लोग ईबीएम मुक्त भारत की माग को लेकर दिल्ली जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगे। राजनेताओं द्वारा देश को रसातल में ले जाने का काम कर रहे है । सरकार सभी योजनाओ को पूजीपतियो के हाथो मे देती जा रही है।जिससे पूजीपतियो को ही बढावा मिल रहा है। राष्ट्रिय महासचिव नयीम मंसूरी ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग विरोधियो से राजनीतिक दुश्मनी निकाल रहे है ।और आम जनता गरीब होती जा रही है । रोजगार के अवसर खत्म होते जा रहे है । प्रेसवार्ता मे सयीद असलम,रतन सिंह,जीवन रिषी,गुलशेर मलिक,मो [illegible] युसुफ,मेवाती,साविर अली आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# एक अपील देश के मुखिया मोदी जी के नाम प्रेस के स्थानीय प्रतिनिधि

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।**केंद्र सरकार और प्रदेश की सरकार के द्वारा जिस तरह बीपीएल कार्ड धारियों, श्रमिकों और किसानों इत्यादि को जिस तरह से राहत राशियां एवं मुफ्त खाद्य सामग्री प्रदान करने की घोषणा की गई है, क्या इसी तरह पत्रकारिता के क्षेत्र में रिपोर्टिंग कार्य करने वाले संम्बाददाताओं के हितों का भी सरकारों के द्वारा ख्याल नहीं रखना चाहिए देश में आज नाम मात्र के बराबर अपने जोखिम भरे कार्यों के बदले पारितोषिक प्राप्त करने वाले पत्रकारों की संख्या नगण्य है। ज्यादातर पत्रकार बगैर किसी सैलरी या मेहनताने के काम करते हैं, ऐसी स्थितियों में उन पत्रकारों संम्बाददाताओं को भी अपने घर परिवार के भरण-पोषण विशेषकर ऐसी विकराल परिस्थितियों में तो और भी कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्या ऐसी स्थितियों में हमारी सरकारों को क्षेत्रिय पत्रकारों स्थानीय ठरिपोर्टरोंठ के प्रति भी संवेदनशील नहीं होना चाहिए पत्रकारिता जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य करने वाले उन सभी पत्रकारों को हमारी सरकारों के द्वारा कुछ ना कुछ राहत राशि प्रदान कर संबल प्रदान करने की आवश्यकता है। जिससे कि आने वाले समय में लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ और मजबूती के साथ खड़ा होकर अपनी जिम्मेदारियों को भरपूर तरीके से कार्यों का निर्वहन कर सके।कहते हैं भूखे भजन न होय गोपाला, धरी लेया आपन कंठी माला।।भूखे पेट समाज सेवा नहीं होती, समाज को सजगता प्रदान करने हेतु अपनी कलम के माध्यम से प्रेरित कर लोगों को आगाह करने वाला लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ आज पूरी तरह उपेक्षा का शिकार है। जिस पर हमारी ङसरकारों एवं जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की विशेष आवश्यकता है

# परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को मिलेगा टेबलेट व फोन

(आधुनिक समाचार सेवा)
पंडित सुधांशु तिवारी

**सुल्तानपुर।** बोर्ड परीक्षा स्मार्टफोन व्हाट टेबलेट वितरण में बाधक बन गया है तमाम कॉलेजों में बोर्ड की परीक्षा होने और उसमें माध्यमिक



शिक्षा विभाग तथा प्रशासन के लोगों की ड्यूटी लगी होने की वजह से वितरण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है बोर्ड परीक्षा के बाद स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण शुरू होगा। शासन ने मेधावी विद्याथिर्यों को स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण करने के निर्देश दिए थे शासन की मंशा थी की स्मार्टफोन टेबलेट के जरिए विद्याथिर्यों को ऑनलाइन क्लास लेने देश दुनिया की ताजा तरीन खबरों से रूबरू होने व ऑनलाइन गतिविधियों से जानकारी हासिल करने में मदद मिलेंगी विधानसभा निर्वाचन के पूर्व जिले के लगभग 90 चयनित विद्याथिर्यों के लिए स्मार्टफोन और टेबलेट भेजा गया था विधानसभा की निर्वाचन की अचार संगीता लागू होने की वजह से वितरण कार्य में ब्रेक लग गया था टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण की प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है पहले चरण में फार्मेसी के 63 बच्चों को टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण किया गया है शेष विद्यार्थी टेबलेट व स्मार्टफोन मिलने का आशा निहार रहे हैं कई विद्यालयों के प्रबंध तंत्र की ओर से वितरण की संभावित तिथियां पता की जा रही हैं सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. आरजे मौर्य ने बताया की टेबलेट व स्मार्टफोन की वितरण की शुरुआत हो चुकी है लेकिन बोर्ड परीक्षा की वजह से इस में बाधा आ रही है तमाम अधिकारियों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में पर्यवेक्षक में लगी है साथ ही कई विद्यालय सेंटर बने हुए हैं एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार पांडे ने बताया कि युवाओं को तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण की शुरुआत हो चुकी है लेकिन इसकी रफ्तार पर बोर्ड परीक्षा की वजह से ब्रेक लगा हुआ है बोर्ड परीक्षा 12 अप्रैल तक चलेगी इसके बाद विद्यालयों में टेबलेट व स्मार्टफोन भेजकर वितरण कराया जाएगा।

# भव्य अभिनंदन श्रीराम रथयात्रा का,अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में बरसेगी काव्य रस धारा

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।** श्री राम वन गमन काव्य यात्रा राष्ट्रीय कवि संगम के शहडोल जिले के प्रभारी श्री प्रकाश जगवानी जी ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा आयोजित श्रीलंका से अयोध्या आ रही श्रीराम रथयात्रा (श्रीराम-



जानकी-लखन-हनुमान सहित) 30 मार्च दोपहर 3 बजे कॉलेज तिराहा बुढ़ार 3 1/2बजे हवाई अड्डा लालपुर, 4 बजे जमुई एवं 5 बजे गाँधी चौक, शहडोल पहुंच रही है। आयोजक समिति राष्ट्रीय कवि संगम शहडोल ने धर्मानुरागियों, रामभक्तों, महिलाओं व पुरुषों से अनुरोध किया है कि अधिकाधिक संख्या में ईष्टमित्रों सहित उपस्थित होकर श्रीराम रथ का स्वागत, अभिनंदन एवं पावन चरण पादुका का पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा शाम 7 बजे मानस भवन शहडोल में कवि सम्मेलन एक शाम राम के नाम में उपस्थित होकर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार, कवि, गायक बाबा सत्यनारायण मौर्य एवं अन्य देशभक्त रामभक्त कवियों को सुनकर राष्ट्र जागरण एवं धर्म जागरण की जोत जगाऐं। यात्रा प्रभारी श्री जगवानी जीने शहडोल जिले की आम जनमानस से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति होकर धर्म लाभ उठाएं। ज्ञातव्य है यह प्रथम अवसर है जब इस प्रकार की अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक काव्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। हम सब अत्यंत भाग्यशाली हैं कि हमें इस यात्रा का साक्षी बन कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

# अधीक्षण अभियंता धीरज सिन्हा ने विधुत चोरो और विधुत बिल बकाये दारो पर नकेल लगाना शुरू कर दिया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**सुल्तानपुर।**अधीक्षण अभियंता धीरज सिन्हा ने थानाध्यक्ष एन्टी पावर थफेट सनाउल्ला खान के एक रिपोर्ट पर समस्त अधिशाषी अभियंताओ को पत्र लिख चोरी मे पकड़े गये 661लोगो के विरुद्ध अरविंद कुमार राय परिवर्तन दल की टीम ने विभिन्न विभिन अभियोगों मे मुकदमा पंजीकृत करवाया था लेकिन विधुत महकमे के सम्बंधित कर्मचारियों के चलते अभी तक सरकारी राजस्व नही जमा करवाये जा सके जिस के चलते लाखो का शमन शुल्क और असिस्टमेंट की धनराशि की रिकवरी नही की जा सकी वही धीरज सिन्हा ने मुख्यालय के आदेश पर विधुत चोरी और बड़े बकाये दारो पर अधिकारियों को नकेल लगने के आदेश जारी कर दिया है वही हलचल मे आये अधिकारियों ने धर पकड़ चालू कर दी जिस के चलते विधुत चोरो और बड़े बकाये दारो मे डर का माहौल व्यापत हो गया है ऐसे मे तेज तर्रार उपखण्ड अधिकारी प्रशानत गिरी,ए के वर्मा एवं अवर अभियंता धर्मनाथ,अमित श्रीवास्तव,राजेश यादव,करुणा शकर,आनंद कुमार,विपिन तिवारी, मनीष कुमार ने बढ़ चढ़ कर चोरो पर नकेल लगाना शुरू कर दिया है वही बुलडोजर बाबा की सरकार मे अधिकारियों ने शपथ ग्रहण के बाद से ही अपने कायी मे तेजी लादी है ।वही जब इस प्रकरण मे अधीक्षण अभियंता से बात की गई तो उन्होंने इस्पस्ट किया कि कुछ लोगो के लापरवाही से विधुत चोरी मे लिखे गये मुकदमो मे कुछ मुकदमे ऐसे भी है जिनका शमन शुल्क और असिस्टमेंट धनराशि अभी खण्डिय कार्यलयों को प्राप्त नही हुई है जिस के चलते अधिकारियो को सख्त निर्देश दिये गये है और लाइन काटने के भी बारे मे बताया कि जो विधुत बिल राजस्व के बड़े बकाये दार उपभोगता है उनके विरुद्ध बकाया धनराशि ना जमा करने पर लाइन काटने की बात कही जा रही वही जब अधीक्षण अभियंता से पूछा गया कि अभी सरकार ने चुनाव के समय कहा था कि किसी भी उपभोगताओं का विधुत कनेक्शन नही काटा जायेगा तो उन्होंने बताया कि अब पूर्व के सभी आदेश निरस्त कर नये निर्गत आदेश मे विधुत चोरी एवं विधुत बिल के बड़े बकाये दारो के लाइन काट राजस्व को शत प्रतिशत वसूलने के आदेश जारी किये गये है ।और हम और हमारी पूरे मण्डल की टीम सरकार के निर्देशों का पालन कर उसे शत प्रतिशत लागू करवाने मे लगे हुवे।वही अधीक्षण अभियंता धीरज सिन्हा ने जनता से अपील भी की विधुत का उपभोग कर रहे हमारे समानित जनता से यह अपील करता हु की जिन लोगो का विधुत बिल बकाया है वह सभी समानित उपभोगता किसी भी कार्य दिवस मे अधिशाषी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी,अवर अभियंता के पास अपना गड़बड़ बिल संसोधित करवा जमा करवा सकते है बिल ना जमा करने की इस्थिति मे लाइन काटे जाने पर मुझे और मेरी टीम को बड़ा खेद है।

# विधायक निधि से बाउंड्री वॉल का निर्माण

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल।**विधायक निधि से बाउंड्री वॉल निर्माण सरस्वती शिशु मंदिर



ब्यौहारी में माननीय विधायक श्री शरद जुगलाल कोल जी के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति पर भूमि पूजन कर निर्माण की आधार शिला रखी गई माननीय विधायक जी हृदय से आभार की शिक्षा जगत में अभूतपूर्व योगदान प्राप्त हुआ आज विद्यालय परिवार गर्व महसूस कर रहा है कि जिस विद्यालय से आपने शिक्षा दीक्षा प्राप्त की उसी विद्यालय के प्रगति में आपकी महती भूमिका है कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता जी के सानिध्य में संपन्न हुई कार्यक्रम की एवं इस अवसर पर श्री जयप्रकाश गुप्ता जी सच्चा भैया श्री वृंदावन गुप्ता जी श्री पृथ् पेंड्रा जी मंडल अध्यक्ष ब्योहारी श्री ओम प्रकाश सोनी जी श्री मदन गुप्ता जी श्री रमेश गुप्ता जी श्री राम सुमिरन चतुर्वेदी जी श्री मोतीलाल गुप्ता जी केशरवानी समाज के अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता जी श्री राजेंद्र गुप्ता जी श्री राजन गुप्ता जी मंडल के महामंत्री श्री सज्जन सिंह परस्ते जी श्री संजय गुप्ता जी युवा मोर्चा के साथी श्री आशीष गुप्ता जी अमन खरिया जी राहुल पटेल जी आशीष साकेत जी सौरभ शुक्ला जी विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य आचार्या विद्यालय परिवार पूर्व छात्र एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आप सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# 100 करोड़ के पार पहुंची राजामौली की 'आरआरआर', मंगलवार को बनाया ये जबरदस्त रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर पूरी रफ्तार से दौड़ रही है और फिल्म से ट्रेड को जिस तरह की उम्मीदें थीं, उन पर खरी उतर रही है। फिल्म के हिंदी वर्जन ने रिलीज के पांचवें दिन फिल्म ने 100 करोड़ का पड़ाव पार कर लिया है। यहां तक पहुंचने में आरआरआर को सिर्फ पांच दिन लगे। 2022 की पहली तिमाही में रिलीज होने वाली आरआरआर सबसे तेज फिल्म बन गयी है। 25 मार्च को आरआरआर तेलुगु और दूसरी दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ हिंदी में भी रिलीज हुई थी। ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार मंगलवार को आरआरआर ने लगभग 15 करोड़ का कारोबार किया है, जिसके साथ फिल्म 100 करोड़ के पार पहुंच गयी है।



हालांकि, अभी अंतिम आंकड़े आना बाकी है। इससे पहले सोमवार तक फिल्म 91.50 करोड़ जमा कर चुकी थी और 100 करोड़ करने के लिए इसे महज 8.50 करोड़ की ही जरूरत थी। 100 करोड़ तक पहुंचने वाली आरआरआर साल 2022 की सबसे तेज फिल्म है। इससे पहले आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी और द कश्मीर फाइल्स 100 करोड़ का पड़ाव पार कर चुकी हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी 100 करोड़ पार करने वाली पहली फिल्म है, मगर इसे 13 दिन लगे। दूसरी फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने 100 करोड़ का पड़ाव पार करने में आठ दिन लिये। अगर राजामौली की पिछली फिल्म बाहुबली 2- द कन्क्लूजन से तुलना करें तो आरआरआर थोड़ा पीछे है। बाहुबली 2 ने ओपनिंग वीकेंड में ही 100 करोड़ का पड़ाव पार कर लिया था। अल्लू अर्जन की पुष्पा के बाद आरआरआर दूसरी दक्षिण भारतीय फिल्म है, जिसने हिंदी बेल्ट में भी दर्शकों को इतने पड़े स्तर पर आकर्षित किया हो। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में भी आरआरआर कमाल दिखा रही है। रिलीज के तीन दिनों में 500 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर चुकी फिल्म अब 600 करोड़ के बेहद नजदीक है।

# Shahed Rukhed Khan के एब्स की बेटी सुहाना खान ने की सराहना

**नई दिल्ली।** शाह रुख खान ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'पठान' से जुड़ा एक लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है अब उनकी बेटी सुहाना खान ने इसपर प्रतिक्रिया दी है वह शाह रुख खान की फिटनेस से काफी प्रभावित नजर आ रही है शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान ने पिता की फिजिक्स की सराहना की है सुहाना खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शनिवार को शाह रुख खान की फिजिक की सराहना की सुहाना खान ने शाह रुख खान की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे पिता 56 के हैं और हमें एक्सक्यूज की अनुमति नहीं है गौरी खान ने भी यह तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है उन्होंने लिखा है, 'मुझे पठान से अच्छी वाइब्स आ रही है तस्वीरें शेयर करते हुए शाह रुख खान ने लिखा था, 'शाह रुख अगर थोड़ा रुक भी गया तो पठान को कैसे रोक पाओगे, एप्स और एब्स सब बना डालूंगा गौरतलब है कि डिजनी प्लस हॉटस्टार एक ऐड कैंपेन चला रहा



है, जिसकी टैगलाइन है, 'थोड़ा रुक, शाह रुख शाह रुख खान तस्वीरों में पठान के अवतार में नजर आ रहे हैं उन्होंने शर्ट नहीं पहनी है और वह कसरत करते नजर आ रहे हैं इसमें उनकी फिजिक्स नजर आ रही है शाह रुख खान की तस्वीरों पर कई फैंस कमेंट कर रहे है एक ने लिखा है, '56 वर्ष की आयु में कोई इतना फिट कैसे दिख सकता है वहीं एक अन्य ने लिखा है, '56 वर्ष क्या कह रहे हो फिल्म पठान के जरिये शाह रुख खान 2018 में आई फिल्म जीरो के बाद किसी फिल्म में नजर आएंगे वे 4 वर्ष बाद पर्दे पर नजर आएंगे।

# 'पुष्पा' एक्टर अल्लु अर्जुन हुए 'आरआरआर' के मुरीद, फिल्म को बताया भारतीय सिनेमा का गौरव

नई दिल्ली, जेएनएन। एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' 25 मार्च को दुनिया भर के सिनेमा घरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज के साथ ही फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई करना भी शुरू कर दिया है और वर्ल्ड वाइड 223 करोड़ के साथ ओपनिंग की है। जो बाहुबली 2 का भी रिकॉर्ड





तोड़ते हुए ओपनिंग डे पर अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। फिल्म की तारीफ तो हर जगह हो रही है। इस कड़ी में अब 'पुष्पा-द राइज' अभिनेता अल्लू अर्जुन का भी नाम शामिल हो गया है। उन्होंने 'आरआरआर' देखी और फिल्म के मुरीद हो गए अल्लू अर्जुन ने फिल्म से प्रभावित होकर अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर 'आरआरआर' और निर्देशक एसएस राजामौली की जमकर तरीफ की। उन्होंने लिखा, 'आरआरआर की पूरी टीम को हार्दिक बधाई। क्या शानदार फिल्म है। विजन के लिए हमारे गौरव एस एस राजामौली गारु को मेरा सम्मान। मुझे मेरे भाई और मेगा पावर राम चरण पर करियर की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए गर्व है। मेरे बावा को मेरा सम्मान और प्यार पावर हाउस।' अल्लू ने फिल्म के बाकी कास्ट की तारीफ करते हुए एक और पोस्ट शेयर किया और कहा, 'जूनियर एनटीआर शानदार शो के लिए। आदरणीय अजय देवगन गारु और हमारी सबसे प्यारी आलिया की शानदार उपस्थिति । और मेरी विशेष बधाई एमएम कीरवानी गारु, डीओपी सैंथिल कुमार गारु, डीवीवी दानय्या गारु और बाकी लोगों के लिए। भारतीय सिनेमा को गौरवान्वित करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। यह एक किल आर आर आर है!' 'आरआरआर' की कहानी दो स्वतंत्रता सेनानियों कोमाराम भीम और अलूरी सीतारामाराजू की जिंदगी पर आधारित है। इस किरादर को जूनियर एनटीआर और रामचरण ने निभाया। इनके अलावा फिल्म में अजय देवगन, आलिया भट्ट, ओलिविया मॉरिस भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जबकि समुथिरकानी, रे स्टीवेन्सन और एलिसन डूडी सहायक भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

# 'इंडियाज गॉट टैलेंट' की इस कंटेस्टेंट की खुली किस्मत, कंगना रनोट की फिल्म 'सीता- द इनकारनेशन' की बनेगी आवाज


**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस कंगना रनोट नेपोटिज्म को लेकर सख्त रुख रखती हैं और इस मुद्दे पर अक्सर तीखी बयानबाजी भी करती हैं। वह हमेशा इंडस्ट्री के बाहर के लोगों को सपोर्ट करने की बात करती हैं और इसे खुद पर भी अमल करती हैं। जिसका ताजा उदाहरण 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के मंच पर




देखने को मिला है। जहां पर एक्ट्रेस ने शो की कंटेस्टेंट इशिता विश्वकर्मा को अपनी आने वाली फिल्म 'सीता- द इनकारनेशन' में सीता की आवाज बनने का मौका दिया। इस हफ्ते शो में आजादी का अमृत महोत्सव सेलिब्रेट किया जाएगा। जिसमें देश को गौरावित करने वाली मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज कौर सिंधु और मशहूर डांसर टेरेंस लुईस बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट नजर आएगें। शो के इस एपिसोड का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। जिसमें कंटेस्टेंट इशिता विश्वकर्मा अपनी सुरीली आवाज में 'वंदे मातरम' पर परफॉर्म करती हुई दिख रही है। उनकी परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर जज किरण खेर शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बादशाह और मनोज मुंतशिर समेत सेट पर मौजूद सभी लोग इशिता को एक स्टैंडिंग ओवेशन देंते हैं। इस दौरान शिल्पा शेट्टी और किरण खेर की आखें नम हो जाती है। शो में अभिनेत्री कंगना रनोट क वीडियो क्लिप दिखाया जाता है। जिसमें वह इशिता विश्वकर्मा को अपनी पौराणिक कहानी रामायण पर बनने वाली फिल्म 'सीता- द इनकारनेशन' में सीता की आवाज बनने का ऑफर देती हुई नजर आती हैं। कंगना कहती हैं, मैं चाहती हूं कि आप मेरी आने वाली फिल्म इनकारनेशन सीता की आवाज बने। बता दें कि कंगना की इस फिल्म का निर्देशन अलौकिक देसाई करेंगे जबकि इसका निर्माण एसएस स्टूडियो के बैनर तले सलोनी शर्मा करेंगी। 'द इनकारनेशन-सीता' की पटकथा के वी विजयेन्द्र प्रसाद ने लिखी है, जिन्होंने कंगना की फिल्म थलाइवा और 'मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी' की भी पटकथा भी लिखी थी। इसके अलावा उन्होंने 'बाहुबली' सीरीज की भी पटकथा लिखी थी। वक्र फ्रंट की बात करें तो कंगना 'द इनकारनेशन-सीता' के अलावा 'धाकड़' और 'तेजस' जैसी फिल्मों में भी नजर आएंगी।

# राजामौली की आर आर आर ने पहले दिन की रिकॉर्डतोड़ कमाई मुश्किल में विवेक अग्रिहोत्री सुहाना खान का न्यू लुक

**नई दिल्ली।** मनोरंजन की दुनिया में बड़ी और खास खबरों में आज, एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने पहले ही दिन रिकॉर्डतोड़ कमाई की है। फिल्म को सिनेमाघरों में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, वहीं द कश्मीर फाइल्स भी मजबूती से टिकी हुई है। फिल्म प्री-बुकिंग में धीमी नजर आ रही थी, पर ऐसा हुआ नहीं। पहले दिन के ट्रेंड्स में आरआरआर की मल्टीप्लेक्स हो या सिंगल स्क्रीन, पूरे बोर्ड में स्पॉट बुकिंग शानदार रही। वहीं अपनी एक टिप्पणी के चलते विवेक अग्रिहोत्री सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से ट्रोल हो रहे हैं। तो सुहाना खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बैकलेस ड्रेस में अपना न्यू लुक शेयर किया है।








# कार्तिक आर्यन जल्द संजय लीला भंसाली की फिल्म में आएंगे नजर निर्देशक के ऑफिस के बाहर हुए स्पॉट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के फैंस उनकों फिल्मों के जरिए अलग-अलग अवतार में देखने के लिए हमेशा उनका इंतजार करते हैं। एक्टर भी फैंस के लिए कभी कॉमेडी तो कभी 'धमाका' जैसी सीरियस फिल्म में करते हैं। अब खबर आ रही है कि एक्टर मास्टरपीस फिल्में बनाने वाले निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ उनकी अगली फिल्म में शायद काम करते हुए नजर आ सकते हैं। दरअसल, शनिवार को मीडिया ने कार्तिक आर्यन को संजय लीला भंसाली के जुहू स्थित ऑफिस के बाहर स्पॉट किया।



जिसके बाद से लगातार खबरे आ रही हैं कि दोनों एक साथ किसी फिल्म में काम करने वाले हैं। इस दौरान कार्तिक आर्यन पिंक कलर की हुडी पहने हुए स्पॉट हुए। अभिनेता ने इसे ब्लू डेनिम के साथ पेयर किया और ब्लैक सनग्लासे और ग्रे स्पोर्ट्स शूज के साथ अपने लुक को पूरा किया। कार में बैठने से पहले कार्तिक ने फैंस के साथ सेल्फी भी ली और जाते हुए पैपराजी की तरफ हाथ दिखाकर उनको हैलो किया। हाल ही एक्टर को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था। इस वीडियो कार्तिक अपने फीमेल फैंस द्वारा पीछे करते हुए नजर आ रहे थे। वायरल वीडियो में कार्तिक एयरपोर्ट से बाहर आते हुए दिख रहे थे और उनके पीछे-पीछे दो लड़कियां भी दौड़ती हुई नजर आ रही थीं, दोनों ने हाथों में गुलाब के फूल ले रखे थे और कार्तिक का नाम जोर-जोर से पुकार रही थी। पहली बार तो कार्तिक फैंस को देखकर घबरा गए और तेजी से आगे बढ़ने लगे। लेकिन बार-बार बुलाने और पीछा करने के बाद वह रुक गए। एक्टर ने दोनों लड़कियों से बात की, उनसे फूल लिया और हाथ मिलाकर आगे बढ़ गए। कार्तिक के वक्र फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही भूल भूलैया 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में कार्तिक तब्बू और कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। इसके अलावा उनके पास शहजादा, कैप्टन इंडिया, फ्रेडी और साजिद नाडियावाला की एक अंटाइटल्ड फिल्म भी है।

# जाह्नवी कपूर की कातिलाना अदाएं देख दीवाने हुए फैंस, पुनीत बलाना के लिए किया रैंप वॉक

**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर ने पुनीत बलाना के लिए रैंप पर किया वह लैक्मे फैशन वीक में भाग लेने गई थी अब उन्होंने हालिया फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है जाह्नवी कपूर ने फैशन डिजाइनर पुनीत बलाना के लिए लक्मे फैशन वीक में वॉक किया है फोटोशूट की तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा है, 'पुनित बलाना के लिए वॉक करना मजेदार रहा ऐसा मैंने लक्मे फैशन वीक में किया है उनकी यह तस्वीरें वायरल हो रही है इसे इंस्टाग्राम पर 1 घंटे में तीन लाख के करीब लाइक्स मिले हैं वहीं इस पर 2700 से ज्यादा कमेंट किए जा चुके हैं जाह्नवी कपूर ने कुल 8 हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर की है इसमें उन्हें दो अलग-अलग ड्रेस में पोज करते हुए देखा जा सकता है उन्होंने पहली ड्रेस में रेड कलर का लहंगा और चोली पहन रखी है वहीं दूसरी फोटो में उन्होंने फ्लोरल प्रिंटेड लहंगा चोली पहन रखी है इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही है जाह्नवी कपूर फिल्म अभिनेत्री हैं उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं वह अक्सर अपनी हॉट तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जाता है जाह्नवी कपूर ने कई फिल्मों में काम किया है उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है वह जल्द कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जाह्नवी कपूर श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी है उनकी छोटी बहन खुशी कपूर भी जल्द फिल्मों में आने वाली हैं इस बात की पुष्टि उनके पिता बोनी कपूर ने भी की है खुशी कपूर जोया अख्तर की फिल्म में नजर आएंगी। जाह्नवी कपूर अपने लुक्स को लेकर खबरों में रहती है।

# जैकलीन फर्नांडिस ने थाई हाई सिल्ट गाउन में कराया 'बोल्ड' फोटोशूट, तस्वीरें देख फैंस ने कहा, 'कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है

**नई दिल्ली।** जैकलीन फर्नांडिस ने इंस्टाग्राम पर अपने हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैत् इसमें उन्हें लेपर्ड प्रिंट पहने थाई हाई स्लिट गाउन में पोज करते हुए देखा जा सकता है उन्होंने कुल 5



तस्वीरें शेयर की है जैकलीन फर्नांडिस तस्वीर में काउच पर बैठकर पोज देती हुई नजर आ रही है इसकी बाद की फोटो में वह कैमरे की और देख रही है और इसमें उनका टोंड फिगर भी नजर आ रहा है तीसरी फोटो में वह झुककर अपनी सैंडल ठीक करने का प्रयास कर रही है इसमें उनके खूबसूरत बाल भी नजर आ रहे हैत् चौथी फोटो में वह अलग अंदाज में पोज कर रही है वहीं पांचवी फोटो में उनकी दिलकश मुस्कान नजर आ रही है तस्वीरों में जैकलीन फर्नांडिस ने मेकअप कर रखा है और वह बहुत खूबसूरत लग रही है जैकलीन फर्नांडिस ने तस्वीरों को शेर की इमोजी के साथ शेयर किया है इसे 3 घंटे में साढ़े 4 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं वहीं इसपर 3000 से अधिक कमेंट किए जा चुके हैं कई लोगों ने सो ब्यूटीफुल, अमेजिंग, नाइस, लवली और कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है जैसे कमेंट किए हैं वहीं कई लोगों ने दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है। जैकलीन फर्नांडिस जल्द फिल्म अटैक में नजर आएंगीत् इस फिल्म में उनके अलावा जॉन अब्राहम की अहम भूमिका होगी। जैकलीन फर्नांडिस का नाम हाल ही में सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आया है इसके चलते वह भारत से बाहर नहीं जा पा रही हैं हालांकि वह लगातार फिल्मों में काम कर रही हैं और उनका प्रमोशन भी कर रही है।

# 500 करोड़ रुपए की लागत से बनी एसएस राजामौली की 'आरआरआर' तमिल रॉकर्स ने ऑनलाइन की लीक

**नई दिल्ली।** 500 करोड़ रुपए और 2 वर्ष की मेहनत लगाकर बनाई गई निर्देशक एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म आरआरआर 25 मार्च को रिलीज हुई है यह फिल्म कोरोना महामारी के कारण कई बार डिले हुई और हाल ही में रिलीज हुई है हालांकि तमिल रॉकर्स ने रिलीज के कुछ घंटे बाद ही फिल्म को ऑनलाइन लीक कर दिया है एसएस राजामौली की आरआरआर इस वर्ष की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज हुई है इनमें हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम शामिल है इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी यह रिलीज की गई है आरआरआर पहली फिल्म नहीं है जो ऑनलाइन लीक हुई है इसके पहले और भी कई फिल्में ऑनलाइन लीक हो चुकी है इनमें प्रभास की फिल्म राधे श्याम, अजीत की फिल्म वालीमाई, दीपिका पादुकोण की गहराइयां भी शामिल हैं। फिल्म आरआरआर में अजय देवगन और आलिया भट्ट की भी अहम भूमिका है इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित है फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग मिली है हालांकि फिल्म के ऑनलाइन लीक होने से अब इसके कलेक्शन पर भी प्रभाव पड़ने का अंदेशा है बॉलीवुड की



कई फिल्में इसके पहले ऑनलाइन लीक हो चुकी है।एसएस राजामौली ने इसके पहले फिल्म बाहुबली का निर्देशन किया था इस फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर कमाई का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अरबों रुपए की कमाई की थी इस फिल्म में प्रभास की अहम भूमिका थी अब एसएस राजामौली अपनी नई फिल्म आरआरआर लेकर आए हैं इस फिल्म के ट्रेलर और गानों को काफी पसंद किया गया है फिल्म में काफी धमाकेदार एक्शन भी है फिल्म को लेकर प्रशंसकों में भी गजब का उत्साह है।

# रकुल प्रीत सिंह ने फिल्म 'अटैक' पर अपना अनुभव किया शेयर, फिल्म को लेकर कही ये बड़ी बात

**नई दिल्ली।** जॉन अब्राहम, रकुल प्रीत सिंह, जैकलीन फर्नांडिस स्टारर फिल्म अटैक की रिलीज डेट का एलान होने के बाद निर्माता इन दिनों काफी जोर-शोर से फिल्म का प्रमोशन में जुटे हुए हैं। अब एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने खुलासा



किया है कि, ये फिल्म पूरी तरह से अलग है। लेकिन दर्शक इस तरह की नई फिल्मों के लिए तैयार हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने नोएडा में फिल्म के प्रमोशन के दौरान बात करते हुए कहा। फिल्म अटैक का निर्माण नए कॉन्सेप्ट पर किया गया है। इस फिल्म में काम करना बेहद शानदार था और हम इस तरह की फिल्मों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम हर तरह की एक्शन फिल्में देखते रहे हैं। हम उन्हें प्यार करते हैं, लेकिन क्योंकि हमने अपने देश में कुछ भी नहीं देखा है, हमें लगता है कि हम इसके लिए नहीं है। तो भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के लिए इतना बड़ा बाजार नहीं होता। उन्होंने आगे कहा, इसलिए मुझ लगता है कि मेरा पूरा अनुभव और अधिक खास होग गया है। क्योंकि मैं उस जोखिम को लेने और एक प्रकार की फिल्मों से हटकर काम के लिए तैयार थी। हम अंतरराष्ट्रीय लेवल पर मेड इन इंडिया के जरिए कुछ ऐसा करना चाहते हैं, जो पहले कभी नहीं देखा गया हो और यहीं अटैक है। हाल ही में फिल्म निर्माताओं द्वारा फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें जॉन अब्राहम ताबड़ तोड़ अंदाज में दुश्मन पर बरसते हुए दिख रहे हैं। ट्रेलर में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से देश का पहले सुपर सोल्जर बनाते हुए भी दिखाया जा रहा है। वहीं, ट्रेलर में अभिनेता दुश्मनों से अकेले मुकाबला करते हुए दिख रहे हैं। जॉन अब्राहम, जैकलीन फर्नांडिस और रकुल प्रीत स्टारर फिल्म अटैक एक्शन ओरिएंटेड और सुपर सोल्जर फिल्म है। फिल्म में जॉन रेंजर ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं, जो एक बचाव मिशन का नेतृत्व करते हैं। इस फिल्म की कहानी हाई जैक पर आधारित है। लक्ष्य राज द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण डॉ. जयंतीलाल गाडा के पैन स्टूडियो, जेए एंटरटेनमेंट और अजय कपूर ने किया है। पहले ये फिल्म जनवरी में रिलीज होनी थी। लेकिन कोरोना महामारी के प्रोटोकॉल्स के चलते सिनेमाघरों को आधी क्षमता के साथ खुला जा रहा था, जिसके चलते फिल्म निर्माता ने अटैक की रिलीज डेट को पोस्टपोन कर दिया था। अब ये फिल्म 1 अप्रैल, 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।